


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 179

ग्वालियर, शुक्रवार, 18 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## 21वीं सदी के भारत का सबसे बड़ा लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादम के 96वें कामन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित किया। मोदी ने नए खेल परिसर का भी उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देकर कहा, आज होली का त्यौहार है, इस मौके पर मैं समस्त देशवासियों को, आपको, आपके परिवारों को होली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। मोदी ने कहा कि बीते वर्षो में मैंने अनेकों बैच के सिविल सेवकों से बात की है, मुलाकात की है, उनके साथ लंबा समय गुजारा है, लेकिन आपका बैच बहुत स्पेशल है। आप भारत की आजादी के 75वें वर्ष में अपना काम शुरू कर रहे हैं। आजादी के अमृतकाल में, अगले 25 साल में देश जितना विकास करेगा, उसमें बहुत बड़ी भूमिका आपकी होगी। हम में से बहुत से लोग उस समय नहीं होंगे, जब भारत अपनी आजादी के 100वें वर्ष में प्रवेश करेगा। लेकिन आपका ये बैच, उस समय भी रहेगा, आप भी रहने वाले हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के जिस मुकाम पर आज भारत है, पूरी दुनिया की नजरें हम पर टिकी हुई हैं। कोरोना ने जो परिस्थितियां पैदा की हैं, उसमें एक नया वर्ल्ड



ऑर्डर उभर रहा है। इस नए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत को अपनी भूमिका बढ़कर तेज गति से अपना विकास भी करना है। बीते 75 वर्षों में हमने जिस गति से प्रगति की है, अब उससे कई गुना तेजी से आगे बढ़ने का समय है। आने वाले वर्षों में आप कहीं किसी जिले को संभाल रहे होंगे, किसी विभाग को संभाल रहे होंगे, कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर का बहुत बड़ा प्रोजेक्ट आपकी निगरानी में चल रहा होगा। इन सभी कार्यों में आपको एक चीज का हमेशा ध्यान रखना है और वो है 21वीं सदी के भारत का सबसे बड़ा लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत का, आधुनिक भारत का। इस समय को हमें खोना नहीं है। मोदी ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आपको फाइलों और फील्ड का फर्क समझते हुए ही काम करना होगा। फाइलों में आपको असली फील नहीं मिलेगी। फील के लिए आपको फील्ड से जुड़े रहना होगा। मेरी ये बात आप याद रखिएगा, कि फाइलों में जो आंकड़े होते हैं, वहां सिर्फ नंबर्स नहीं होते। हर एक आंकड़ा, हर एक नंबर, एक जीवन होता है। आपको नंबर के लिए नहीं, हर एक जीवन के लिए काम करना है। आप इसकी तह तक जाइएगा कि जब वहां नियम बनाया गया था, तब उसके पीछे की वजह क्या थी। मोदी ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में हमें सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन को अगले स्तर पर ले जाना है। इसलिए ही आज का भारत सबका प्रयास की भावना से आगे बढ़ रहा है। आपको भी अपने प्रयासों के बीच ये समझना होगा कि सबका प्रयास, सबकी भागीदारी की ताकत क्या होती है।

### सूचना

*होली के अवसर पर दैनिक पुष्पांजली टुडे के कार्यालय पर 2 दिन का अवकाश रहेगा अतः अगला अंक 21 मार्च को प्राप्त होगा।*

*संपादक*

## ममता का खुलासा, मुझे 3 साल पहले पेगासस खरीदने का प्रस्ताव मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें 3 साल पहले इजरायली जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस की सेवाएं लेने की पेशकश की गई थी। लेकिन उन्होंने यह पेशकश ठुकरा दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक ममता बनर्जी ने बजट पर हुई चर्चा का जवाब देकर विधानसभा में कहा, मुझे 3 साल पहले पेगासस खरीदने का प्रस्ताव मिला था। लेकिन मैंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। मैं इस सॉफ्टवेयर के बारे में पहले से जानती थी। यह बेहद खतरनाक है। आंध्र प्रदेश (संयुक्त) में चंद्रबाबू नायडू जब मुख्यमंत्री थे, तब वहां इसकी सेवाएं ली गई थीं। मौजूदा केंद्र सरकार भी इसके जरिए तमाम नेताओं, जजों, अधिकारियों, पत्रकारों, आदि के निजी जीवन में ताक-झांक कर रही है। लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहती। मैं किसी की अभिव्यक्ति की आजादी पर बंदिश नहीं लगाना चाहती हैं। बंगाल विधानसभा में ममता बनर्जी जब बजट पर हुई चर्चा का जवाब दे रही थीं, तब विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लगातार हो-हल्ला कर रहे थे।



# भूकंप से थर्राया जापान चारों ओर फैली तबाही





**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के नजदीक बुधवार रात आए भूकंप ने काफी तबाही मचाई है। भूकंप के चलते 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 88 घायल हो गए हैं। भूकंप की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां एक बुलेट ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। जापान के मौसम विभाग ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई है। रात 8.06 बजे (जापान में 11.30) आए भूकंप का केंद्र टोक्यो से 297 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बताया गया।

जापान के मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप का केंद्र समुद्र से 60 किलोमीटर गहराई में था। जापान के मियागी और फुकुशिमा प्रान्त में भूकंप के झटके सबसे ज्यादा महसूस किए गए। दोनों प्रांतों में लोगों से तटीय इलाकों से दूर रहने की अपील की गई है। फुकुशिमा में ही भूकंप के चलते 2 लोगों की मौत हुई है। जापान की बुलेट ट्रेन ऑपरेटर कंपनी के मुताबिक तोहोकू में बुलेट ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। ट्रेन में उस वक्त 100 यात्री सवार थे। हालांकि उनमें से कोई भी घायल नहीं हुआ। जापान की ईस्ट निप्पॉन कंपनी के मुताबिक कई एक्सप्रेसवे को आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। इसमें ओसाकी का तोहोकू एक्सप्रेसवे, मियागी का प्रीफेक्चर और सोमा, फुकुशिमा का जोबन एक्सप्रेसवे शामिल है। भूकंप के झटकों के बाद जापान की राजधानी टोक्यो में 20 लाख घरों में अंधेरा छा गया। टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के हवाले से एएफपी ने बताया कि जापान में भूकंप के बाद टोक्यों अंधेरे में डूब गया। भूकंप के इन झटकों के जापान के लोगों को 2011 का दौर याद दिला दिया। 11 मार्च साल 2011 का दिन जापान के लिए अभूतपूर्व दुर्घटना वाला दिन रहा था। इस दिन 9 की तीव्रता का भूकंप उत्तरपूर्वी जापान के तट पर आया, जिससे निकली सुनामी ने हजारों लोगों

- चलती बुलेट ट्रेन पटरी से उतरी, 20 लाख घरों में अंधेरा
- भूकंप से 2 लोगों की मौत, जबकि 88 लोग हुए घायल
- रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई है

## बेटी अपने पिता से कोई रिश्ता नहीं रखती है तो खर्च की हकदार नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर बेटी अपने पिता के साथ कोई रिश्ता नहीं रखती है तो वह अपने पिता से किसी भी तरह के खर्च की हकदार नहीं होगी। जस्टिस संजय किशन कौल और एमएम सुंदरेश की बेंच ने दोनों पक्षों के बीच विवाह टूटने से जोड़े को तलाक का फरमान सुनाते हुए फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने पति को सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटान के रूप में 10 लाख रुपये की लागत जमा करने का निर्देश दिए हैं। यह राशि दो महीने के भीतर न्यायालय में जमा की जानी है जो अपीलकर्ता पत्नी को जारी कर दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि जमा की तारीख से एक महीने की अवधि के लिए राशि की मांग नहीं की जाती है, तो इसे 91 दिनों की अवधि के लिए एफडीआर अर्जित ब्याज में रखा जाएगा, जिसे नवीनीकृत रखा जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां तक ??बेटी की शिक्षा और शादी के खर्चे का सवाल है, उसके दृष्टिकोण से ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपीलकर्ता के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहती और उसकी उम्र करीब 20 साल है। ÷वह अपना रास्ता चुनने की हकदार है, लेकिन फिर अपीलकर्ता शिक्षा के लिए राशि की मांग नहीं कर सकती है।

### खास खबर

## आजम के करीबी अजहर अहमद खां का कोर्ट में सरेंडर

**मुरादाबाद।** जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी मामले में दो साल से फरार रामपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई भी हो चुकी है। अब मामले की सुनवाई 29 मार्च को होगी। मुरादाबाद के मुस्लिम कालेज में 30 जून,19 को हुए एक कार्यक्रम में जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में कटघर थाने में सांसद आजम खां, डॉ. एसटी हसन, विधायक अब्दुल्ला आजम, संभल के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां, सैयद आरिज हुसैन के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ था। केस में सभी आरोपी पेश हो चुके हैं। एक आरोपी रामपुर नगर पालिका पूर्व चेयरमैन अजहर अहमद खां हाजिर नहीं हुए थे। इस पर अदालत ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत भगोड़ा घोषित किया और कुर्की के आदेश दिए थे। दो साल बाद आरोपी ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अधिवक्ता फसी उल्लाह का कहना है कि अधिवक्ता शब्नूर की ओर से आत्मसमर्पण की अर्जी दाखिल की गई। कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई का कहना है कि दो साल से फरार आरोपी ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में सुनवाई 29 मार्च को होगी।

## तपेदिक को खत्म करने की दिशा में एक बहु-क्षेत्रीय, समग्र रुख अपना रही

**नई दिल्ली।** सरकार तपेदिक को खत्म करने की दिशा में एक बहु-क्षेत्रीय, समग्र और अंतःक्रियात्मक रुख अपना रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसका काम लागत प्रभावी डिजिटल समाधान प्रदान करना भी है। कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में, तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य क्षेत्रों -मातृ स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य और टीबी - पर ध्यान केंद्रित किया गया और उनकी समस्याओं व आगे के रास्ते पर चर्चा की गई। केएचपीटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एच एल मोहन ने बताया कि कैसे उनके अनुभव ने यह समझने में मदद की है, कि टीबी रोगियों के समुदाय के लोगों की भागीदारी से समस्याओं की व्यापक और ज्यादा प्रासंगिक समझ विकसित होती है। विश्व टीबी दिवस (24 मार्च) के करीब आने के साथ, राष्ट्रीय, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के उप महानिदेशक डॉ. राजेंद्र जोशी का संबोधन विशेष महत्व का था। उन्होंने कहा, सरकार टीबी उन्मूलन की दिशा में एक बहु-क्षेत्रीय, समग्र और अंतःक्रियात्मक रुख अपना रही है। हमारा काम यह भी सुनिश्चित करता है कि लागत प्रभावी रुख के लिये डिजिटल समाधान का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

## रूसी सेना ने बरसाए यूक्रेन के थिएटर पर बम, कई के मरने की आशंका



- यूक्रेनी थिएटर के बाहर बड़े-बड़े शब्दों में लिखा था- चिल्ड्रन
- जानबूझकर नागरिकों को निराशा बनाने के लिए रूसी सेना की कड़ी निंदा

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन युद्ध मे 22 दिन बाद भी बर्बरता जारी है। सैन्य ठिकानों पर शुरू हुए हमले अब रिहायशी इलाकों तक पहुंच चुके हैं। रूसी सेना ने बीती रात यूक्रेन के एक थिएटर पर गोले बरसाए जिसमें कई लोगों के मरने की आशंका है। सिटी काउंसिल ने बताया कि मारियुपोल के इस थिएटर में कई बच्चों समेत सैकड़ों लोग छिपे हुए थे। अफसरों ने कहा कि मारियुपोल ड्रामा थिएटर हमले में मरने वालों की संख्या का पता लगाना संभव नहीं है क्योंकि रिहायशी इलाकों पर रूसी बमबारी अभी भी जारी है। इसी वजह से बचावकर्मी भी फंसे लोगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। सोमवार को सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों में देखा गया कि थिएटर की बिल्डिंग के आगे और पीछे बड़ा-बड़ा और सफेद रंग से चिल्ड्रन लिखा हुआ है। माना जा रहा है कि इस इमारत में 1200 लोगों ने हवाई हमलों से बचने के लिए शरण ली थी। बुधवार को रूसी सेना ने चिल्ड्रन शब्द को नजरअंदाज करते हुए इस बिल्डिंग पर गोलाबारी की। जानबूझकर नागरिकों को निराशा बनाने के लिए रूसी सेना की कड़ी निंदा की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने संबोधन में पहली बार पुतिन को %युद्ध अपराधी% कहा और यूक्रेन पर हमले को %युद्ध अपराध% करार दिया। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बमों से थिएटर का मध्य भाग ढह गया जिससे बड़ी संख्या में लोग मलबे में दब गए हैं। मलबे ने इमारत के अंदर स्थित बॉम्ब शेल्टर की एंट्री को भी ब्लॉक कर दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस हमारे लोगों के साथ जो कर रहा है, उससे मेरा दिल टूट चुका है। मारियुपोल के मेयर के सलाहकार पेट्रो एंड्रूशचेंको ने कहा कि थिएटर %संख्या और आकार% के लिहाज से शहर का सबसे बड़ा शेल्टर था। उन्होंने कहा कि वहां एक हजार से ज्यादा लोग छिपे हुए थे लेकिन शहर में लगातार हो रही गोलाबारी और बमबारी के कारण मलबे तक पहुंचने की संभावना कम है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि 1,200 नागरिकों ने इमारत में शरण ली थी, जबकि ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि थिएटर में कम से कम 500 नागरिकों के रहने की जगह थी।

## पड़ोसी मुल्कों के साथ व्यापारिक, सांस्कृतिक संबंध बढ़ाने के हिमायती हैं गृहमंत्री अमित शाह



**नई दिल्ली।** पड़ोसी मुल्कों के साथ व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध के हिमायती केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन देशों के लोगों के बीच एक जुड़ाव है क्योंकि इनमें से कई क्षेत्र 1947 से पहले भारत का हिस्सा थे। शाह ने 2019 में करतारपुर गलियारा खोले जाने को लेकर संतोष जताया और दावा किया कि उस समय एक 'त्रुटि' हुई थी और विभाजन के दौरान इस जगह को भारत से बाहर कर दिया गया था। करतारपुर गलियारा गुरुद्वारा दरबार साहिब, पाकिस्तान को पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारा से जोड़ता है। गुरुद्वारा दरबार साहिब में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतिम दिन बिताए थे। शाह ने भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीए) के स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक समारोह में कहा कि भारत की 15,000 किलोमीटर लंबी भू सीमा है और '1947 से पहले हम एकसाथ थे।' उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति समान है, हम एक जैसी भाषाएं बोलते हैं, हमारे बीच जुड़ाव है। व्यापारिक संबंध, सांस्कृतिक संबंध और लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ाने के अवसर हैं। प्राधिकरण (एलपीए) सीमा सुरक्षा से समझौता किए बिना पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को बढ़ा सकता है।' शाह ने कहा, 'सीमा के पास रह रहे लोगों की संस्कृति, भाषा और जीवन शैली समान हैं। ऐसे में प्राधिकरण पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती सुनिश्चित कर सकता है। वह इन देशों के साथ राजनयिक संबंधों के अलावा लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने में भी मदद कर सकता है।' शाह ने कहा कि अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार और पाकिस्तान के साथ लगती भारत की 15,000 किलोमीटर लंबी सीमाएं हर 50 किलोमीटर पर अलग-अलग चुनौतियां पेश करती हैं। उन्होंने कहा, 'दुनिया में बमुश्किल ही ऐसा कोई देश है, जिसकी जमीनी सीमाओं पर इतनी चुनौतियां हैं। साथ ही, दुनिया में बमुश्किल ही ऐसा कोई देश है, जिसके पास भारत की तरह अपनी सीमा पर इतने अवसर हैं।'

## जो लोग सत्य की चाह रखते हैं उन्हें 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म जरूर देखनी चाहिए : मोहन भागवत



**नई दिल्ली।** विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर पूरे देश में घमासान छिड़ा है। बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जो लोग सत्य की चाह रखते हैं या जो लोग सत्य के भूखे हैं, उन्हें द कश्मीर फाइल्स फिल्म जरूर देखनी चाहिए। गौरतलब है कि कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन और इससे उपजे दर्द की दास्तान पर विवेक अग्निहोत्री ने द कश्मीर फाइल्स फिल्म बनाई है। इस फिल्म को लेकर देश में दक्षिणपंथ और अन्यपंथी विचारधाराओं के बीच बहस चल रही है। मोहन भागवत से फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद मोहन भागवत ने यह बयान दिया है। मोहन भागवत ने विवेक अग्निहोत्री को फिल्म के लिए बधाई देते हुए कहा है कि प्रत्येक सत्य की खोज करने वाले लोगों को यह फिल्म देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म का उत्कृष्ट संवाद है जिसमें पूर्ण कलात्मकता दिखती है। इसके लिए गंभीर रिसर्च भी की गई है। इसलिए जिसे सत्य की पहचान हैं, उसे यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को रिलीज हुई है। अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 1990 के आसपास में कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की कहानी है जिसमें कश्मीरी पंडितों को कश्मीर से मजबूरन भागना पड़ा। उन्हें वर्षों तक भारी पीड़ा से गुजरना पड़ा। विवेक अग्निहोत्री फिल्म ताशकंद फाइल्स, हेट स्टोरी, बुद्धा इन ट्रैफिक जाम जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

## गुजरात के स्कूलों में पढ़ाई जाएगी भगवत गीता, कक्षा 6 से 12 तक के छात्र गाएंगे श्लोक

**अहमदाबाद।** श्रीमद्भागवत गीता को गुजरात के स्कूलों में 6 से 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। गुरुवार को गुजरात सरकार की ओर से जारी की नई शिक्षा नीति में इसका ऐलान किया है। नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों में 6 से 12वीं कक्षा के तक के बच्चों को गीता के सिद्धांत और मूल्यों को पढ़ाया जाएगा। गुजरात सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्कूल के बच्चे गीता के ज्ञान और उसके मूल्यों को जान सकें इसके लिए गीता पर वक्तृत्व स्पर्धा, श्लोक गान और साहित्य का आयोजन भी होगा। गुजरात सरकार ने स्कूलों में भगवत गीता को पढ़ाने का ऐलान उस वक्त में किया है, जब प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

## नवजोत सिंह सिद्धू की पॉलिटिक्स क्या है भगवंत मान की तारीफ कर बोले नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस चीफ के पद से इस्तीफा देने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू ने न केवल पंजाब के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भगवंत मान की तारीफ की बल्कि इसे नया युग भी करार दे दिया है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि पंजाब में नए माफिया विरोधी युग का आगाज हो गया है। बता दें कि भगवंत मान ने बुधवार को पंजाब के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शहीद भगत सिंह के गांव खटकड़ कला में उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सिद्धू ने एक ट्वीट में लिखा, %वही सबसे खुश इंसान होता है। जिससे कोई उम्मीद नहीं करता...भगवंत मान ने पंजाब में एक नए एंटी माफिया युग की शुरुआत कर दी है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पंड्या फिटनेस जांच में पास , पृथ्वी विफल

**मुम्बई** । पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या फिटनेस जांच में पास हो गये हैं , वहीं युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ नाकाम रहे हैं। अब पंड्या आईपीएल के 15 वें सत्र में गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर सकेंगे। पंड्या बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हुई फिटनेस जांच के लिए किए जाने वाले यो-यो परीक्षण में सफल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल से पहले अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की फिटनेस की जांच कर रहा है जिसके तहत ही पंड्या को भी एनसीए में दो दिन तक जांच की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। बीसीसीआई के अनुसार 'फिटनेस परीक्षण उन खिलाड़ियों के लिए है, जिन्होंने चोट से वापसी की है। आईपीएल के व्यस्त सत्र से पहले यह फिटनेस का सामान्य आंकलन है।' वहीं युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की फिटनेस उम्मीद के अनुसार नहीं रही। वह यो-यो परीक्षण में विफल रहे। यो-यो क्वालीफिकेशन का वर्तमान आंकड़ा 16.5 है जबकि पृथ्वी 15 का स्कोर ही निकाल पाए थे हालांकि इससे उन्हें आईपीएल में खेलने से नहीं रोका जा सकता। पृथ्वी अभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं पर वह अपनी फिटनेस की जांच के लिए एनसीए में थे।

### धोनी से बेहतर विकेटकीपर बल्लेबाज बनकर उभरेंगे ऋषभ : जाफर

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर का मानना है कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आने वाले समय में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से बेहतर विकेटकीपर बल्लेबाज बनकर उभरेंगे। ऋषभ को धोनी का उत्तराधिकारी माना जाता है। वह भी धोनी की तरह ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं। ऋषभ ने श्रीलंका के खिलाफ अपनी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया था। उन्होंने कपिल देव, वीरेंद्र सहवाग और शार्दुल ठाकुर को पीछे छोड़ते हुए 28 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। जाफर ने कहा कि हां, वह निश्चित रूप से धोनी से बेहतर विकेटकीपर-बल्लेबाज बन सकता है। इतनी कम उम्र में, उसने पहले ही कुछ अविश्वसनीय पारियां खेली है, इसलिए आने वाले 8-10 वर्षों में मुझे लगता है कि वह अधिक परिपक्व होगा और अधिक अनुभव के साथ वह निश्चित रूप से धोनी से बेहतर हो सकता है।

### आईपीएल में अश्विन से सीखना चाहते हैं रियान

मुम्बई । राजस्थान रॉयल्स टीम के युवा ऑलराउंडर रियान पराग इस बार आईपीएल में अनुभवी खिलाड़ी आर अश्विन के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने को लेकर उत्साहित हैं। रियान ने कहा है कि वह आईपीएल में अश्विन से सीखना चाहते हैं। अश्विन को इस बार मेगा नीलामी में रॉयल्स ने पांच करोड़ रुपये में खरीदा हैं। वहीं रियान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपना चौथा सत्र खेलने जा रहे हैं। पराग का मानना है कि अश्विन विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनरों में से एक है।'' उन्होंने कहा, ''मैं निश्चित तौर पर टूर्नामेंट में अपने साथ लाल गेंद लेकर आऊंगा जिससे कि टूर्नामेंट में उससे कुछ गुर सीख सकूं।'' पराग ने कहा, ''यहां तक कि सफेद गेंद से भी मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में विविधता को लेकर उसका दिमाग पढ़कर काफी कुछ सीख सकता हूं। मुझे लगता है कि अश्विन के साथ रहने के बाद सफेद गेंद से मेरी गेंदबाजी काफी बेहतर हो जाएगी।'' रियान उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल हैं।

## अर्जेंटीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग केलिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

# हॉकी टीम में रबिचंद्र शामिल, गुरजंत की हुई वापसी

**नई दिल्ली** । हॉकी इंडिया ने अर्जेन्टीना के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण के मुकाबले के लिए 22 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित कर दी है। इसमें युवा मिडफील्डर मोइरेंगथेम रबिचंद्र सिंह को भी शामिल किया गया है। रबिचंद्र एआईएच जूनियर विश्व कप में भारतीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा रहे थे। वहीं स्ट्राइकर गुरजंत सिंह की टीम में वापसी हुई है। अभी तक फिट नहीं होने के कारण वह टीम से बाहर थे। भारतीय टीम को अर्जेन्टीना के खिलाफ 19 और 20 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेलना है। रबिचंद्र बुधवार को हॉकी इंडिया द्वारा घोषित टीम में एकमात्र नया चेहरा हैं।



इसके साथ ही मुख्य टीम में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। सूरज करकेरा की जगह गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को शामिल किया गया है जबकि अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में मनदीप मोर और दिपसान टिर्की की जगह शामिल किया गया है। मिडफील्ड में जसकरन सिंह और आकाशदीप सिंह की जगह सुमित और रबिचंद्र को शामिल किया गया है। अग्रिम पंक्ति में गुरजंत और दिलप्रीत की टीम में वापसी हुई है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को इस टीम का उप कप्तान बनाया गया है।

चयनकर्ताओं ने इसके अलावा 10 स्टैंडबाई खिलाड़ियों का भी चयन किया है जिसमें सूरज करकेरा, मनदीप मोर, दिपसान टिर्की, नीलम संजीप जेस, संजय, जसकरन सिंह, आकाशदीप सिंह, आशीष कुमार टोप्नो, गुरसाहिबजीत सिंह और मोहम्मद रहील शामिल हैं।

भारतीय टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, ''ये मैच टीम में शामिल नए, युवा खिलाड़ियों को शानदार अनुभव मुहैया कराएंगे जबकि एशियाई खेलों से पहले विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका मिलेगा।'' एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मौजूदा सत्र में भारतीय पुरुष टीम ने अब तक छह मैच खेले हैं और टीम 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है। नीदरलैंड 16 अंक के साथ शीर्ष पर है।

### भारतीय टीम इस प्रकार है गोलकीपर

पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास। **डफील्डरः** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, मोइरेंगथेम रबिचंद्र सिंह । **फारवर्ड-** गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह। **स्टैंडबाईः** सूरज करकेरा, मनदीप मोर, दिपसान टिर्की, नीलम संजीप जेस, संजय, जसकरन सिंह, आकाशदीप सिंह, आशीष कुमार टोप्नो, गुरसाहिबजीत सिंह और मोहम्मद रहील।

## न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए लैथम को कप्तान बनाया

**क्राइस्टचर्च** । न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने नीदरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए टॉम लैथम को अपनी टीम का कप्तान बनाया है। कीवी टीम इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और एक टी20 मैच खेलेगी। इस सीरीज में नियमित कप्तान केन विलियमसन सहित 12 प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। ये खिलाड़ी इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)में खेलेंगे। ऐसे में लैथम के पास कप्तान के तौर पर अपने को साबित करने का अच्छा अवसर है। न्यूजीलैंड ओर नीदरलैंड के बीच एकदिवसीय श्रृंखला 25 मार्च से शुरू हो रही है जबकि अंतिम मैच 4 अप्रैल को होगा। इसमें विलियमसन के अलावा ट्रेंट बोल्ट, मिशेल सेंटनर, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साउथी, एडम मिल्ने, टिम सेफर्ट, जेम्स नीशम, फिन एलन और ग्लेन फिलिप्स नहीं खेलेंगे। बड़े खिलाड़ियों के नहीं रहने से न्यूजीलैंड टीम ने माइकल ब्रेसवेल और डेन क्लीवर को पहली बार टीम में शामिल किया। टीम के पास ईश सोढ़ी, मार्टिन गप्टिल, रॉस टेलर और काइल जैमीसन जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह चौथे स्थान पर पहुंचे



**नई दिल्ली** । आईसीसी की ताज टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह ने लंबी छलांग लगायी है। बुमराह 6 स्थान की छलांग लगाकर 830 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली चार स्थान नीचे आने के साथ ही नौवें स्थान पर खिसक गये हैं। वहीं ऑलराउंडरों की रैंकिं में रविंद्र जडेजा भी एक स्थान के नुकसान के साथ ही फिसलकर दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में जेसन होल्डर ने जडेजा को पीछे करते हुए एक बार फिर वापस पहला स्थान हासिल कर लिया है। होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 82 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए थे। जिसका लाभ उन्हें मिला है। वहीं विराट बेंगलुरु टेस्ट की दोनों पारियों में 23 और 13 रनों की पारियां बनाने के कारण रैंकिंग में नीचे आये हैं।

बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में शानदार गेंदबाजी का लाभ मिला है। इस मैच में बुमराह ने कुल आठ विकेट लिए थे। बुमराह अब पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, काइल जैमिसन, टिम साउदी, जेम्स एंडरसन, नील वैगनर और जोश हेजलवुड को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने तीन स्थान ऊपर आकर टॉप 5 में पहुंच गए हैं। करुणारत्ने ने भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में शतक लगाया था हालांकि वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पाये। यह करुणारत्ने के करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वेस्टइंडीज के नक्रमा बोनर और भारत के श्रेयस अय्यर ने भी 22 और 40 स्थान की छलांग लगायी है। यह दोनो ही 22वें और 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## बांग्लादेश ने मोकर्ल को बल्लेबाजी कोच बनाया

**ढाका** । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के एल्बी मोकर्ल को टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया है। बांग्लादेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। उसी को देखते हुए टीम को पावर-हिटिंग तकनीक सिखाने के लिए मोकर्ल को कोच बनाया गया है। यह पहली बार है जब बंगलादेश ने पावर-हिटिंग बल्लेबाजी कोच को नियुक्त किया है। इसका कारण यह है कि टीम पावर-हिटिंग में कमजोर साबित हुई है।



*चेलटेनहमे रेसकोर्स में जीत के बाद उत्साहित रेसल ब्लेकमोर यूक्रेन के समर्थन में एक आर्मबैंड पहने हुए।*

# हुसैन, विद्युत, काशवी व अहाना एकल फाइनल में पहुंचे

इन्दौर । म.प्र. टेनिस संघ के द्वारा आयोजित ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज सब जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के हुसैन सैफी व महाराष्ट्र के विद्युत सुंदर के बीच अंडर-12 बालक एकल का खिताबी मुकाबला होगा। वहीं अंडर-12 बालिका एकल के खिताब के लिए म.प्र. की काशवी ठुकराल व अहाना फुलजले के बीच फायनल खेला जायेगा। इन्दौर टेनिस क्लब में बुधवार को खेले गए अंडर-12 बालक एकल सेमीफायनल में मध्य प्रदेश के हुसैन सैफी ने अपने ही राज्य के आरूष जैन को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफायनल में महाराष्ट्र के विद्युत सुंदर ने म.प्र. के देवांश कौशल को 6-3, 6-3 से



हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। बालिका एकल के दोनों सेमीफायनल मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों के बीच हुए। पहले सेमीफायनल में काशवी ठुकराल ने सोनिया दत्ता को 6-4, 6-1 से तथा दूसरे सेमीफायनल में अहाना फुलजले ने रेवा शर्मा को 6-4, 6-0 से शिकस्त देकर फायनल में जगह बनाई ।

### हुसैन-देवांश व वीर-कबीर के बीच युगल फायनल

अंडर-12 बालक युगल सेमीफायनल में हुसैन सैफी व देवांश कौशल की जोड़ी ने प्रवर मित्तल व इदरीस प्रेसवाला को 6-4, 7-5 से शिकस्त दी। वहीं दूसरे सेमीफायनल में वीर चतुर व कबीर गुंडेचा की जोड़ी ने अथर्व पालोद व आरूष जैन को 7-6, 7-5 से हराकर फायनल में जगह बनाई। आईटीसी के कोच इरफान अहमद ने बताया कि प्योराश्योर इण्डिया प्रा.लि. द्वारा प्रायोजित इस स्पर्धा के खिताबी मुकाबले दोपहर 3 बजे से खेले जायेंगे।

## व्यापारन्यूज

### सोना और चांदी की कीमतों में इजाफा

**नई दिल्ली** । होलिका दहन के दिन गुरुवार को एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.85 फीसदी बढ़कर 51,580 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई है, जबकि चांदी के दाम में 1.62 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। इसके बाद चांदी का भाव उछलकर 68,394 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। गुरुवार को सोने और चांदी के दामों में जोरदार उछाल आया है। सोने की कीमत 0.85 फीसदी उछलकर 51,580 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गई है, जबकि चांदी के दाम में 1.62 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर चांदी का भाव उछलकर 68,394 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। बीते माह चांदी ने 74 हजार रुपए प्रति किलोग्राम का आंकड़ा छुआ था। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे मजबूत

**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख, प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते गुरुवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे बढ़कर 75.89 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.96 पर खुला और मजबूती हासिल करते हुए पिछले बंद से 32 पैसे की बढ़त के साथ 75.89 के स्तर पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 41 पैसे की तेजी के साथ 76.21 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत गिरकर 98.38 पर आ गया।

### वर्ष 2021-22 में सरसों का उत्पादन 29 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली** । खाद्य तेल उद्योग के निकाय सीओओआईटी ने फसल वर्ष 2021-22 के रबी सत्र में देश का सरसों का उत्पादन 29 प्रतिशत बढ़कर 109.50 लाख टन पर पहुंचने का अनुमान लगाया है। रबी सत्र में उगाए जाने वाले सरसों दाना (तिलहन) का उत्पादन पिछले वर्ष 85 लाख टन हुआ था। सीओओआईटी ने कहा कि केंद्रीय तेल उद्योग और व्यापार संगठन (सीओओआईटी) ने अपने 42वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान सरसों के उत्पादन के अनुमानों को अंतिम रूप दिया। यह सम्मेलन कुछ ??दिनों पहले ही राजस्थान के भरतपुर में आयोजित किया गया था। सीओओआईटी ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में सरसों का उत्पादन 109.5 लाख टन होने का अनुमान है। सरसों खेती का रकबा 87.44 लाख हेक्टेयर आंका गया है, जबकि औसत उपज 1,270 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर होने का अनुमान लगाया गया है। सीओओआईटी के एक अ?धिकारी ने कहा हमने पूरे भारत में विभिन्न टीमों द्वारा व्यापक क्षेत्र का दौरा करने के बाद इस रबी सत्र में सरसों के उत्पादन के अनुमान को अंतिम रूप दिया है।

# विमान ईंधन महंगा होने से हवाई किराया बढ़ा

**नई दिल्ली** । विमान ईंधन एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 18 फीसदी बढ़ने से वाई किराए में भी बढ़ोतरी हो गई है। इस साल छठी बार एटीएफ की कीमत में बढ़ोतरी की गई है और इसके साथ ही देश में एटीएफ की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलोलीटर के पार पहुंच गई हैं। इससे देश में कई रूट्स पर हवाई किराया करीब दोगुना हो गया है। किसी भी विमानन कंपनी की परिचालन लागत में एटीएफ की करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी होती है। इसके साथ ही देश में हवाई किराया बढ़ने लगा है। कई रूट्स पर 15 दिन पहले की तुलना में अब किराया दोगुना हो गया है। दिल्ली-पटना का न्यूनतम किराया 15 दिन पहले जहां 2000 रुपए था, वह अब बढ़कर 4,274 रुपए हो गया है। इसी तरह पटना-दिल्ली रूट पर न्यूनतम किराया 2100 रुपए से बढ़कर 4361 रुपए हो गया है। दिल्ली-मुंबई रूट पर 15 दिन पहले न्यूनतम हवाई किराया 15 दिन पहले 2800 रुपए था जो अब 4800 रुपए पहुंच गया है। मुंबई से दिल्ली आने के लिए 15 दिन पहले न्यूनतम किराया 2700 रुपए था जो अब 4788 रुपए पहुंच गया है। अगर आप 15 दिन पहले दिल्ली से चेन्नई का हवाई टिकट लेते तो आपको न्यूनतम 3200 रुपए चुकाने पड़ते लेकिन अब आपको इसके लिए 5251 रुपए चुकाने होंगे। इसी तरह चेन्नई से दिल्ली आने के लिए अब आपको 3400 रुपए के बजाय 5324 रुपए चुकाने पड़ेंगे। एटीएफ की कीमत में ताजा बढ़ोतरी के बाद कोलकाता में यह सबसे महंगा हो गया है। यहां इसकी कीमत 1,14,979 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। चेन्नई में अब यह 1,14,133 रुपए, दिल्ली में 1,10,666 रुपए और मुंबई में 109,119 रुपए प्रति किलोलीटर पहुंच गई है। यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण देश में एटीएफ की कीमत में जनवरी से छठी बार बढ़ोतरी की गई है। इस दौरान देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### त्यौहारों के दौरान हवाई किरायों में मिले छूट

**नई दिल्ली** । खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए त्यौहारों के दौरान हवाई किराए में छूट की मांग करते हुए राज्यसभा में सदस्य ने कहा कि इनमें से कई लोग अधिक हवाई किराए की वजह से पिछले दो तीन साल से अपने घर नहीं आ पाए हैं। शून्यकाल के दौरान मुद्दा उठाकर केरल कांग्रेस (एम) के सदस्य जोस के मणि ने कहा खाड़ी देशों में एक अनुमान के अनुसार, करीब 40 लाख भारतीय काम कर रहे हैं, जिसमें केरल से वहां गए लोगों की संख्या अधिक है। वहां काम करने वाले भारतीयों में से ज्यादातर मजदूर हैं। मणि ने कहा कि बीते दो साल तक कोविड के कारण दुनिया के लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। खाड़ी देश भी इससे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण फैलने की वजह से लॉकडाउन लागू हुआ लोगों की आवाजाही रुक गई। उन्होंने कहा हालात सामान्य होने के बाद खाड़ी देशों में काम करने गए उन भारतीयों की समस्या दूर नहीं हुई जो मजदूरी करते हैं।

## अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने पॉलिसी दरें बढ़ाई

**मुंबई** । अमेरिकी फेड रिजर्व ने पॉलिसी की दरों में इजाफा कर दिया है। यह इजाफा 0.25 फीसदी का देखने को मिला है। फेड रिजर्व ने संकेत दे दिए हैं कि फेड की इस साल होने वाली 6 बैठकों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की जा सकती है। वास्तव में अमेरिका में महंगाई का स्तर 40 साल के हाई पर पहुंच गया हैं जिसकी वजह से फेड रिजर्व को ब्याज दरों में इजाफा करना पड़ा है। फेड ने यह इजाफा साल 2018 के बाद पहली बार किया है। जिसका असर क्रिप्टोकरेंसी पर साफ देखने को मिल रहा है। बिटकॉइन और बाकी क्रिप्टोकरेंसी की कीमत में इजाफा देखने को मिल रहा हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन के दाम में आज तेजी देखने को मिल रही हैं। बिटकॉइन डिजिटल टोकन दो फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 41,028 पर कारोबार कर रहा था। जिसकी वजह से दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी 2022 में अब तक लगभग 11 फीसदी नीचे रह गई है। यह पिछले साल नवंबर में अपने 69,000 डॉलर के रिकॉर्ड हाई से करीब 30 फीसदी दूर है। यह लगातार तीसरा दिन है जब बिटकॉइन के दाम में इजाफा देखने को मिला है। फेड के फैसले का असर आने वाले दिनों में और देखने को मिल सकता हैं। दूसरी ओर बिटकॉइन के दाम दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी इथेरियम भी 5 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ 2,768 डॉलर पर पहंच गई है। डॉगकोइन की कीमत 2 फीसदी से अधिक बढ़कर 0.11 डॉलर हो गई, जबकि शीबा इनु लगभग 3 फीसदी बढ़कर 0.000023 डॉलर पर कारोबार कर रहा था।

## मारुति सुजुकी ने बेची 10 लाख सीएनजी कारें

**नई दिल्ली** । कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी ने 10 लाख सीएनजी कारों की बिक्री (मारुति सुजुकी सीएनजी कार्स) का नया रिकॉर्ड बनाया है। हाल ही में मारुति सुजुकी ने सेलेरियो, वैगन आर और डिजायर का अपग्रेडेड सीएनजी वर्जन पेश किया है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ केनिचि अयुकावा ने कहा कि एस-सीएनजी कारों को मिली सराहना और सफलता से हम खुश हैं। एक कंपनी के तौर पर हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को सुरक्षित, विश्वसनीय, स्वच्छ, तकनीकी रूप से उन्नत और पर्यावरण के अनुकूल वाहनों की पेशकश करना है। एस-सीएनजी रेंज को विशेष रूप से भारतीय ड्राइविंग परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। मारुति सुजुकी के पास इस समय पर्सनल और कमर्शियल सेगमेंट में सीएनजी वाहनों का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो है। इनमें ऑल्टो, एस-प्रेसो, वैगन आर, सेलेरियो, डिजायर, अर्टिगा, ईको, सुपर कैरी और टूर-एस शामिल हैं। कंपनी की सीएनजी कारें बेहद किफायती और सुरक्षित भी हैं। साथ ही बेहतर माइलेज की वजह से फ्यूल पर होने वाला खर्च काफी हद तक कम रखने में ग्राहकों को मदद मिलती है। फिलहाल देशभर 3,700 से अधिक सीएनजी स्टेशन हैं। कंपनी का दावा है कि अन्य सीएनजी विकल्पों की तुलना में मारुति सुजुकी फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी वाहन सुरक्षा के लिहाज से भरोसेमंद हैं।अयुकावा ने बताया कि सरकार की योजना अगले कुछ वर्षों में सीएनजी स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने की है। हमें उम्मीद है कि सीएनजी वाहनों की मांग में मजबूती बनी रहेगी। पैसेंजर कारों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सीएनजी एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# संपत्ति वृद्धि के मामले में एलन मस्क, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट पर भारी पड़े अकेले अडाणी

**नई दिल्ली** । संपत्ति वृद्धि के मामले में भारत के गौतम अडाणी एलन मस्क, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट पर भारी प? हैं। अडाणी की संपत्तियों में वर्ष 2021 में 49 अरब डॉलर का बड़ा इजाफा हुआ है। यह दुनिया के शीर्ष तीन अमीर उद्योगपतियों एलन मस्क, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्तियों में शुद्ध रूप से हुई वृद्धि से अधिक है। एम3एम हुरुन ग्लोबल की बुधवार को जारी अमीरों की सूची-2022 में यह जानकारी दी गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी 103 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे धनवान भारतीय बने हुए हैं। उनकी संपत्ति में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा समेत विभिन्न कारोबार से जुड़े अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी 81 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनकी संपत्तियां 153 प्रतिशत बढ़ीं। हुरुन की अमीरों की सूची के अनुसार, पिछले 10 साल में अंबानी की संपत्ति 400 प्रतिशत, जबकि अडाणी की 1,830 प्रतिशत बढ़ी है।

एचसीएल के शिव नडार 28 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ भारतीय अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इसके बाद क्रमश- सीरम इंस्टिट्यूट के साइरस पूनावाला (26 अरब अमेरिकी डॉलर) और इस्पात क्षेत्र के दिग्गज लक्ष्मी निवास मित्तल (25 अरब डॉलर) का स्थान है। नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन की सूचीबद्धता के बाद अडाणी की संपत्ति में कई गुना का इजाफा हुआ है।बयान के अनुसार, अंबानी की संपत्ति 2021 में 20 अरब डॉलर बढ़ी है।नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर 7.6 अरब डॉलर के साथ हुरुन की अमीरों की सूची में शामिल होने सबसे अमीर नई सदस्य हैं।बयान के अनुसार, '2022 एम3एम हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में 69 देशों की 2,557 कंपनियों के 3,381 अरबपतियों को शामिल किया गया है।

हुरुन इंडिया प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि भारत न केवल अरबपतियों की संख्या के आधार पर, बल्कि उन अमीरों की संख्या के मामले में भी तीसरे स्थान पर है, जिन्होंने अपनी संपत्ति में कम से कम एक अरब डॉलर जोड़े हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत और दुनिया के 'ज्ञात% अरबपतियों का 8 प्रतिशत है। यह पांच साल पहले 4।9 प्रतिशत था। भारत में अरबपतियों की संख्या 215 है जबकि चीन में यह 1,133 तथा अमेरिका में 716 है।

बयान के अनुसार, 2022 की सूची में अडाणी ने सर्वाधिक संपत्ति जोड़ी। उसके बाद क्रमश- गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन तथा लक्जरी सामान से जुड़े समूह एलवीएमएस के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बर्नार्ड अर्नाल्ट (39 अरब अमेरिकी डॉलर जोड़े) का स्थान है। संपत्ति जोड़ने के मामले में अंबानी आठवें स्थान पर हैं।




# सुगंधा मिश्रा ने की सगाई



द कपिल शर्मा शो में सभी को हंसाने वाली कॉमेडियन सुंगधा मिश्रा ने अपने फैंस को एक खुशखबरी दी है. वह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं. उन्होंने फैंस को अपने हमसफर से मिलवाया है. सुगंधा के होने वाले पति को आप सभी जानते हैं. वह कोई और नहीं कॉमेडियन संकेत भोसले हैं. सुगंधा ने संकेत के साथ सगाई कर ली है और जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर संकेत के साथ तस्वीर शेयर करते फैंस को इस बात की जानकारी दी है.

सुगंधा ने संकेत के साथ एक रोमांटिक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- फॉरएवर. इसके साथ ही उन्होंने अंगूठी और एक हार्ट इमोजी पोस्ट की है. सुगंधा के पोस्ट पर उनके दोस्तों ने बधाई देना शुरू कर दिया है. टोनी कक्कड़ ने कमेंट किया- ढेर सारी शुभकामनाएं. यह सुनकर बहुत खुशी हुई.

संकेत भोसले ने भी सोशल मीडिया पर सुगंधा के साथ बहुत ही खूबसूरत तस्वीर शेयर की है. उन्होंने लिखा- मेरी सनशाइन मिल गई है. संकेत के फैंस ये खबर सुनकर चौंक गए हैं. उनके फैंस दोनों को ढेर सारी बधाई दे रहे हैं. आपको बता दें कई बार सुगंधा और संकेत का नाम साथ में जोड़ा गया है लेकिन दोनों ने हमेशा एक-दूसरे को अच्छा दोस्त बताते हुए चुप्पी साधी हुई थी. सुगंधा ने एक इंटरव्यू में संकेत के साथ अपनी बॉडिंग पर बात की थी. उन्होंने कहा था कि वह दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं और वो जो मैंने प्यार किया का डायलॉग है ना कि दोस्ती की है तो निभानी पड़ेगी. तो दोस्ती निभा रहे हैं. हमारी केमिस्ट्री बहुत अच्छी है और एक-दूसरे के काम की रिस्पेक्ट करते हैं. मैं और कुछ नहीं कह सकती. सुगंधा और संकेत द कपिल शर्मा शो में कई बार साथ में काम कर चुके हैं. संकेत संजय दत्त की मिमिक्री के लिए जाने जाते हैं।

## राम चरण की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं सलमान खान

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार राम चरण आने वाले दिनों में फिल्म ट्रिपल आर में नजर आएंगे। जिसका निर्माण साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर फिल्ममेकर और डायरेक्टर एस एस राजामौली कर रहे। जिन्होंने इससे पहले बाहुबली जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। अब खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म ट्रिपल आर के बाद राम चरण अपनी अगली फिल्म के लिए डायरेक्टर शंकर के साथ हाथ मिलाने वाले हैं। जी हां रोबोट फिल्म का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर शंकर के साथ राम चरण अपनी अगली फिल्म करने वाले हैं। जिसमें रामचरण के साथ मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी नजर आएंगे। कियारा आडवाणी को फिल्म के लिए साइन कर लिया है। इसका मतलब ये है कि राम चरण के साथ कियारा आडवाणी सिल्वर स्क्रीन पर रोमांस करते हुए नजर आएंगी। इसी के साथ वो पैनइंडिया फिल्म की एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हो गई है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि राम चरण और शंकर ने अपनी इस फिल्म के लिए बॉलीवुड के सुपरस्टार अभिनेता सलमान खान को अप्रोच करने का मन बनाया है। फिल्म के डायरेक्टर शंकर ने अभिनेता को दमदार किरदार के लिए चुना है। शंकर चाहते कि फिल्म में राम चरण से बड़ा स्टार को लेना चाहते है। ऐसे में सलमान खान बेस्ट है जो फिल्म में मजबूत पुलिस ऑफिसर का रोल में नजर आएंगे। उन्होंने सलमान खान के साथ काम करने का मन बनाया है। अगर सलमान खान फिल्म के लिए राजी हो जाते हैं तो ये अपने आप में दर्शकों के लिए एक बड़ी खबर है। हालांकि अब ये देखना है कि क्या सलमान खान शंकर की इस फिल्म के लिए हां करेंगे या नहीं। ये तो आने वाले समय में पता चल जाएगा।



## किरदार निभाने का दृष्किोण अलग होता हैः रोनित रॉय



अभिनेता रोनित रॉय का कहना है कि अलग-अलग किरदार निभाने के लिए उनके पास एक अलग दृष्टिकोण होता है। बहुत से लोगों को लगता है वह आराम से कोई भी किरदार निभा सकते हैं, लेकिन रोनित के हिसाब से एक कलाकार ऐसा कभी नहीं कर सकता। अभिनेता ने बताया कि भले ही उन्होंने कई फिल्मों में पिता की भूमिका निभाई है, लेकिन सभी फिल्म में अलग-अलग एंगल होता है जिसे करना पड़ता है।

# दोस्ताना 2 से कार्तिक आर्यन के बाहर होने से करण जौहर को हुआ तगड़ा नुकसान



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर कार्तिक आर्यन को लेकर आज एक बड़ी खबर सामने आई है. खबर है कि एक्टर को धर्मा प्रोडक्शन ने अपने प्रोडक्शन की सारी फिल्मों से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. जी हां कार्तिक आर्यन अब हमें उनकी फिल्म 'दोस्ताना 2' में नजर नहीं आएंगे. उन्हें फिल्म से पूरी तरह से बाहर निकाल दिया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धर्मा प्रोडक्शन ने ये फैसला एक्टर और करण जौहर के बीच अनबन के बाद लिया है. वहीं कई जगह ये भी कहा जा रहा है कि काम के बीच क्रिएटिव डिफरेंस आने के बाद दोनों ने अपने रास्तों को अलग कर लिया है. जिसके बाद धर्मा प्रोडक्शन ने ये फैसला लिया है. लेकिन इस बीच खबर है कि धर्मा प्रोडक्शन को ये फैसला करने के बाद 20 करोड़ से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा है.

बता दें, कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म की 20 दिन से ज्यादा की शूटिंग की थी. जिसका पूरा खर्चा प्रोडक्शन ने उठाया था. जिसके बाद कोरोना महामारी के चलते फिल्म की शूटिंग पूरी तरह से बंद हो गई थी. जिसके बाद अब इस फिल्म की 20 दिन की शूटिंग को फिर से करने की तैयारी चल रही है. वहीं कहा ये भी जा रहे है कि अगर कार्तिक आर्यन को फिल्म से निकालने के बाद कंपनी 20 करोड़ का घाटा उठाने को तैयार है, तो एक्टर ने लोगों को कितना परेशान किया होगा. लेकिन अब धर्मा की टीम और करण जौहर ने कार्तिक के साथ न काम करने का फैसला ले लिया है. ऐसा माना जा रहा है कि कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म को करने से मना कर दिया है. खबर है कि कार्तिक और इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर नजर आने वाली थीं. जहां इस जोड़ी का हाल ही में ब्रेकअप हो गया था. जिस वजह से कार्तिक को जाह्नवी कपूर के साथ किसी भी फिल्म में स्क्रीन शेयर नहीं करना था. अब देखना होगा मेकर्स इस खबर पर अपनी क्या प्रतिक्रिया देते हैं. इतना ही नहीं कार्तिक आर्यन भी इस खबर पर अपना पक्ष बहुत जल्द रख सकते हैं. देखना होगा इस मामले में आगे क्या मोड़ आता है।



## पूर्व सैनिकों का हक

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए लागू वन रैंक वन पेंशन की नीति को सही ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें कोई संवैधानिक कमी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीति में 5 साल में जो पेंशन की समीक्षा का प्रावधान है वह बिल्कुल सही है। इसी प्रावधान के तहत सरकार एक जुलाई 2019 की तारीख से पेंशन की समीक्षा करे। अदालत ने सरकार से सेवानिवृत्त सैनिकों को तीन महीने में बकाया का भुगतान करने के लिए कहा। बता दें कि याचिकाकर्ता भारतीय भूतपूर्व सैनिक आंदोलन (आईईएसएम) ने सरकार के साल 2015 के वन रैंक वन पेंशन नीति के फैसले को चुनौती दी थी। इसमें उन्होंने दलील दी थी कि यह फैसला मनमाना और दुर्भावनापूर्ण है क्योंकि यह वर्ग के भीतर वर्ग बनाता है और प्रभावी रूप से एक रैंक को अलग-अलग पेंशन देता है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 7 नवंबर 2015 को वन रैंक वन पेंशन योजना की अधिसूचना जारी की थी जिसमें कहा गया था कि इस योजना की समीक्षा पांच वर्षों में की जाएगी लेकिन भूतपूर्व सैनिक संघ की मांग थी कि इसकी समीक्षा एक साल के बाद हो। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद चल रहा था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन पर केंद्र के फैसले में कोई दोष नहीं है और सरकार के नीतिगत मामलों में हम दखल नहीं देना चाहते हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि सरकार एक जुलाई 2019 की तारीख से पेंशन की समीक्षा करे। तीन महीने में बकाया का भुगतान करे। भूतपूर्व सैनिक संघ द्वारा दायर इस याचिका में भगत सिंह कोश्यारी समिति द्वारा पांच साल में एक बार आवधिक समीक्षा की वर्तमान नीति के बजाय एक स्वचालित वार्षिक संशोधन के साथ एक रैंक-एक पेंशन को लागू करने की मांग की गई थी। बता दें कि 2014 में सत्ता में आते ही केंद्र की भाजपा सरकार ने रिटायर सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी। वन रैंक-वन पेंशन स्कीम के तहत अलग-अलग समय पर रिटायर हुए एक ही रैंक के दो सैनिकों की पेंशन राशि में बड़ा अंतर नहीं होगा। भले ही वे कभी भी रिटायर हुए हों। इससे पहले स्थिति यह थी कि 2006 से पहले रिटायर हुए सैनिकों को कम पेंशन मिलती थी, यहां तक कि अपने से छोटे अफसर से भी कम पेंशन उनके खाते में आती थी। इस व्यवस्था को लेकर रिटायर सैनिकों में काफी आक्रोश था और वे लंबे समय से एक समान पेंशन की मांग भी कर रहे थे। इस व्यस्था से मेजर जनरल से लेकर कर्नल, सिपाही, नायक और हवलदार तक प्रभावित थे। वर्तमान में लगभग 25 लाख रिटायर्ड सैनिक हैं। सैनिकों की मांग थी कि जो अफसर कम से कम 7 साल कर्नल की रैंक पर रहा हो, उसे समान रूप से पेंशन मिले। ऐसे अफसरों की पेंशन 10 साल तक कर्नल रहे अफसरों से कम नहीं होगी, बल्कि उनके बराबर होगी। 2008 में पूर्व सैनिकों ने इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट (आईएसएम) नाम से एक संगठन बनाकर लंबे समय तक संघर्ष भी किया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार धरने-प्रदर्शन किए गए। फौजियों की मांग थी कि उन्हें भी 60 साल पर रिटायर किया जाए। सैनिकों को 33 साल पर ही रिटायर कर दिया जाता है और उसके बाद सारा जीवन उन्हें पेंशन पर ही गुजारना पड़ता है जबकि अन्य कर्मचारी 60 साल तक पूरी तनख्वाह पाते हैं। फौजी सिर्फ इतना ही चाहते थे कि छठे वेतन आयोग को लागू करते हुए समान पद और समान समय तक सर्विस कर चुके फौजियों को एक समान पेंशन दी जाए, चाहे दोनों किसी भी साल में रिटायर हुए हों। कुछ राज्य सरकारों ने भी सैनिकों की इस मांग का समर्थन किया था।

# कुर्ता फाड़ होली से लट्ठमार होली तक आंनद

**श्रीगोपाल नारसन**

होली की शुरुआत के लिए सबसे पहले कुल देवी-देवताओं को रंग चढ़ाया जाता है। साथ ही, उन्हें गुंजिया का भोग भी लगाया जाता है। देव पूजन के बाद परिवार के सभी छोटे सदस्य अपने से बड़ों के पैरों पर रंग लगाते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। वहीं, होली की रात संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी लोग लोकगीतों पर जमकर झूमते हैं। बिहार में कुर्ता फाड़ होली भी खेली जाती है, जो विदेशों में भी काफी प्रसिद्ध है। लोग बताते हैं कि इस दिन के लिए खास तैयारी की जाती है। बाजार में स्पेशल कुर्ते बिकते हैं, जिनकी काफी डिमांड रहती है। यहां होलिका दहन की राख एक-दूसरे को लगाई जाती है, जिसे काफी शुभ माना जाता है। होली वाले दिन पहले गुलाल से सूखी होली खेली जाती है। इसके बाद पुरुष कुर्ता फाड़ होली खेलते हैं।वही मथुरा में लठ्ठमार होली तो उत्तराखंड में बैठकी होली की धूम है।

होली के त्योहार को मनाने की शुरुआत बिहार के पूर्णिया जिले से हुई थी। कहा जाता है कि पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड के सिकलीगढ़ में आज भी वह स?थान है, जहां होलिका भक?त प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठी थी। होलिका इसी स?थान पर अपने भाई हिरण?यकश?यप के कहने पर भक?त प्रह्लाद को गोद में लेकर जलती चिता पर बैठ गई थी। दावा किया जाता है कि पूर्णिया में ही वह खंभा भी मौजूद है, जहां भगवान विष?णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए थे। इसके बाद उन्होंने हिरण?यकश?यप का वध किया था। सिकलीगढ़ में हिरण्यकश्यप का किला था। यहीं पर भक?त प्रह्लाद रहते थे। स?थानीय बुजुर्गों की मानें तो पूर्णिया में आज भी उस काल के टीले मौजूद हैं।

फाल?गुन शुक?ल पूर्णिमा के अगले दिन यानि कि चैत्र शुक?ल प्रतिपदा तिथि? पर धुलंडी यानि फ़ाग का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन ही भोलेनाथ ने कामदेव को उनकी तपस?या भंग करने के प्रयास में भस?म कर दिया था। लेकिन देवी रति की प्रार्थना पर उन?होंने कामदेव को क्षमा दान देकर पुर्नजन?म दिया। साथ ही रति को यह वरदान दिया कि वह श्रीकृष?ण के पुत्र रूप में जन?म लेंगी। कामदेव के पुर्नजन?म और देवी रति को प्राप?त वरदान की खुशी में संपूर्ण विश?व में फूलों की वर्षा हुई। हर तरफ गुलाल उड़ाकर आंनदोत?सव मनाया गया। कहा जाता है कि यह तिथि? चैत्र शुक?ल प्रतिपदा थी। तब से ही इसे पर्व रूप में मनाया जाने लगा।

धुलंडी को लेकर एक और पौराणिक क?था मिलती है। असुर राजा हिरण?यकश?यप ने अपनी बहन होलिका को यह आदेश दिया कि वह उनके बेटे प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठें। क?योंकि होलिका को एक ऐसा दुशाला प्राप?त था, जिसे ओढ़ने से अग्नि उसे छू भी नहीं सकती थी। यानी कि प्रह्लाद का जीवन संकट में था। इस आदेश के बाद संपूर्ण लोक में हर तरफ श्रीहरि के भक?त प्रह्लाद के जीवन को लेकर सभी दुःखी थे। तभी ईश?वर की ऐसी कृपा हुई कि दुशाला उड़कर प्रह्लाद के ऊपर आ गया और वह बच गए। हालांकि होलिका पूरी तरह से जल गई। भक?त प्रह्लाद के बचने से संपूर्ण ब्रह्मांड में खुशी मनाई गई। हर तरफ गुलाल और फूलों की बारिश हुई। अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में इस पर्व को मनाने की परंपरा धुलंडी की शुरुआत यहीं से मानी जाती है।

रंगों और खुशियों का त्यौहार होली अक्सर कई परिवारों के लिए बेरंगा और दुखदायी हो जाता है। वजह है खतरनाक रासायनिक रंगों का दुष्प्रभाव। रंग-बिरंगे त्यौहार की खुशियाँ हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। पुराने समय में होली और रंगों का संबंध सीधे प्रकृति से था, सादगी और समन्वय से था, आज इस त्यौहार में अक्सर रंग में भंग होता देखा जा सकता है, वजहें अनेक हैं लेकिन रासायनिक घातक रंगों के दुष्प्रभावों के चलते सेहत की दुर्दशा जायज़ है। बाज़ार से खरीदी किए रंग रसायनों से भरपूर हो सकते हैं इसी विषय को ध्यान में हैं और इस रंगों का दुष्प्रभाव हमारी सेहत पर इतना ज्यादा हो सकता है कि जिसकी कल्पना तक कर पाना मुश्किल हो। त्वचा



पर एलर्जी से लेकर, आंखों की रौशनी छिन जाने और कैंसर जैसे भयावह रोग होने तक के प्रमाण मिल चुके हैं और ऐसे में रंगों के त्यौहार ÷फगुवा÷ को मनाना जी का जंजाल तक हो सकता है।

रासायनिक रंग हमारे शरीर पर त्वचा रोग, एलर्जी पैदा करते हैं वहीं दूसरी तरफ आँखों में खुजली, लालपन, अंधत्व के अलावा कई दर्दनाक परिणाम देते हैं और इन रंगों की धुलाई होने पर ये नालियों से बहते हुए बड़े नालों और नदियों तक प्रवेश कर जाते है और प्रदूषण के कारक बनते हैं। रसायनों से तैयार रंग जैसे काला, किडनी को प्रभावित करता है, हरा रंग आंखों में एलर्जी और कई बार नेत्रहीनता तक ले आता है, वहीं बैंगनी रासायनिक रंग अस्थमा और एलर्जी को जन्म देता है, सिल्वर रंग कैंसरकारक है तो लाल भी त्वचा पर कैंसर जैसे भयावह रोगों को जन्म देता है। कुलमिलाकर कहा जा सकता है कि रासायनिक हानिकारक रंगों का इस्तमाल हम सब की सेहत के लिए बेहद घातक हो सकता है।

होली बेशक मनायी जानी चाहिए लेकिन रंग प्राकृतिक हों और आपकी सेहत पर इनका दुष्प्रभाव ना हो तो रंग में भंग होने के बजाए असली होली का मजा लिया जा सकेगा। हमारे पाठक चाहे तो अपने ही घर में प्राकृतिक रंगों को बना सकते हैं। हमारे किचन में ही उपलब्ध अनेक वनस्पतियों का उपयोग कर कई तरह के प्राकृतिक रंगों को बनाया जा सकता है। हरे सूखे रंग को तैयार करने के लिए हिना या मेहंदी का सूखा चूर्ण लिया जाए और इतनी ही मात्रा में कोई भी आटा मिला लिया जाए।

सूखी मेहंदी चेहरे पर अपना रंग नहीं छोड़ती और इसके क्षणिक हरे रंग को आसानी से धोकर साफ किया जा सकता है। गुलाबी रंग तैयार करने के लिए एक बीट रूट या चुकन्दर लीजिए, बारीक बारीक टुकड़े करके एक लीटर पानी में डालकर पूरी एक रात के लिए रख दीजिए और सुबह गुलाबी रंग तैयार हो जाएगा। गुड़हल के खूब सारे ताजे लाल फूलों को एकत्र कर लें और छांव में सुखा लें और बाद में इन्हें कुचलकर इनका पावडर तैयार कर लें और इस तरह तैयार हो जाएगा सूखा लाल रंग। यह लाल रंग बालों के लिए एक जबरदस्त कंडिशनर होता है साथ ही गुडहल बालों के असमय पकने को रोकता है और बालों का रंग काला भी करता है।

इसी तरह पीला सूखा रंग तैयार करने के लिए हल्दी एक चम्मच और बेसन (2 चम्मच) को मिलाकर सूखा पीला रंग तैयार किया जाता है, ये पीला रंग ना सिर्फ आपकी होली रंगनुमा करेगा बल्कि चेहरा और संपूर्ण शरीर कांतिमय बनाने में मदद भी करेगा क्योंकि त्वचा की सुरक्षा के लिए हल्दी और बेसन के गुणों से आप सभी चिरपरिचित हैं। बेसन की उपलब्धता ना होने पर गेहूं, चावल या मक्के के आटा का उपयोग किया जा सकता है। पीला तरल रंग तैयार करने के लिए 4 चम्मच हल्दी को एक लीटर पानी में डालकर उबाल लिया जाए और इसमें लगभग 50-75 पीले गेंदे के फूल डालकर रात भर डुबोकर रखा जाए, अगली सुबह हर्बल पीला तरल रंग तैयार रहेगा और फिर खेलिए खूब होली इस पीले रंग से। पौधे से प्राप्त रंग स्वास्थ्य के लिए उत्तम होने के साथ-साथ पर्यावरण मित्र भी होते हैं, इसके उपयोग से त्वचा पर किसी भी तरह की एलर्जी, संक्रमण या रोग नहीं होते हैं और तो और ये सेहत की बेहतरी में मदद करते हैं।

## ईश्वर को पाने के लिए प्रेम मार्ग से गुजरना होगा

प्रेम शक्ति भी है और आसक्ति भी। जब व्यक्ति का प्रेम कामना रहित होता है तो यह शक्ति होती है और जब प्रेम में किसी चीज को पाने का लोभ रहता है तो यह आसक्ति बन जाती है। सच्चा प्रेम वह होता है जो प्रेम में किसी प्रकार का लोभ और किसी चीज को पाने की कामना नहीं रखता है। ऐसा व्यक्ति प्रेम में ऐसा कमाल कर जाता है कि, बड़े से बड़े बलवान और धनवान उसके आगे घुटने टेक देते हैं। मीराबाई को दिया गया जहर असरहीन होना। ध्रुव को पहाड़ की चोटी से गिराने पर भी बच जाना, प्रह्लाह का आग के शोलों में भी मुस्कुराते हुए रहना और तुलसीदास का उफनती नदी को पार कर जाना यह प्रेम की शक्ति का उदाहरण है। संतजन कहते हैं कि जिसके हृदय में सच्चा प्रेम होता है वही व्यक्ति ईश्वर का भक्त हो सकता है। जरूरत है बस प्रेम की चाहे वह पैसे से हो, किसी स्त्री से, बच्चे से या अन्य सांसारिक वस्तुओं से। अगर हृदय में प्रेम होगा ही नहीं तो ईश्वर क्या संसार में किसी चीज से लगाव हो ही नहीं सकता। भगवान से प्रेम करना वास्तव में उसी प्रकार है जैसा एक दिशाहीन गाड़ी को सही दिशा देना। संत श्री गोकुलनाथ जी ने कहा है कि जिसके हृदय में प्रेम का अंकुर होता है उस व्यक्ति को भक्ति की ओर प्रेरित किया जा सकता है, क्योंकि प्रेम का वृक्ष तभी उग सकता है जब प्रेम का बीज, प्रेम का अंकुर हृदय में मौजूद हो। बिना बीज के खेती भला कैसे हो सकती है। इस संदर्भ में एक कथा है कि एक बार संत श्रीगोसाईं गोकुलनाथ जी के यहां एक धनवान व्यक्ति बहुत सारा धन लेकर शिष्य बनने की कामना से आया। गोसाईं जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि क्या तुम्हारा कहीं किसी वस्तु पर ऐसा स्नेह है, जिसके बिना तुम्हारा मन व्याकुल हो जाता हो। उस व्यक्ति ने उत्तर दिया मेरा कहीं किसी वस्तु में तनिक भी स्नेह नहीं है।

## फागुन का श्रंगार: होली

**प्रो.शरद नारायण खरे**

**जीवन फागुन बन गया,गाता मंगल गीत।**
**आओ,हम अंकर भरे,नेह भरी नव प्रीत।।**

होली वसंत का एक उल्लासमय पर्व है। होली को वसंत का यौवन भी कहा जाता है।इस समय प्रकृति सरसों की पीली साड़ी पहनकर किसी की राह देखती हुई प्रतीत होती है। हमारे पूर्वजों में भी होली त्यौहार को आपसी प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इसमें सभी छोटे-बड़े लोग मिलकर पुराने भेदभावों को भुला देते हैं। होली रंग का त्योहार होता है और रंग आनन्द पर्याय होते हैं। वसंत के मौसम में प्रकृति की सुन्दरता भी मनमोहक होती है।

जब सारी प्रकृति यौवन से सराबोर हो जाती है तो मनुष्य भी आनन्द से झूमने लगता है होली पर्व इसी का प्रतीक है। इस रंगीन उत्सव के समय पूरा वातावरण उल्लासमय हो जाता है।

वसंत में जब प्रकृति के अंग-अंग में यौवन फूट पड़ता है तो होली का त्यौहार उसका श्रंगार करने आता है। होली एक ऋतू संबंधी त्यौहार है। शीतकाल की समाप्ति और ग्रीष्मकाल के आरम्भ इन दोनों ऋतुओं को मिलाने वाले संधि काल का पर्व ही होली कहलाता है। शीतकाल की समाप्ति पर किसान लोग आनन्द विभोर हो उठते हैं। उनका पूरी साल भर का किया गया कठोर परिश्रम सफल हो उठता है,और उनकी फसल पकनी शुरू हो जाती है। होली के त्योहार को होलिकोत्सव भी कहा जाता है। होलिका शब्द से ही होली बना है। होलिका शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के होल्क शब्द से हुई है जिसका शाब्दिक अर्थ भुना हुआ अन्न होता है। प्राचीनकाल में जब किसान अपनी नई फसल काटता था तो सबसे पहले देवता को भोग लगाया जाता था इसलिए नवान्न को अग्नि को समर्पित कर भूना जाता था। उस भुने हुए अन्न को सब लोग परस्पर मिलकर खाते थे। इसी खुशी में नवान्न का भोग लगाने के लिए उत्सव मनाया जाता था। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस परम्परा से होलिकोत्सव मनाया जाता है।



होली के उत्सव के पीछे एक रोचक कहानी है, जिसका काफी महत्व है। पुरातन काल में राजा हिरण्यकश्यप और उसकी बहन होलिका के अहंकार और हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रह्लाद की भक्ति से ही इस उत्सव की शुरुआत हुई थी। हिरण्यकश्यप को ब्रह्मा द्वारा वरदान स्वरूप बहुत सी शक्तियाँ प्राप्त हुई थीं जिनके बल पर वह अपनी प्रजा का राजा बन बैठा था। कहा जाता है कि भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु का नाम लेता था। प्रहलाद का पिता उसे ईश्वर का नाम लेने से रोकता था क्योंकि वह खुद को भगवान समझता था। प्रहलाद इस बात को किसी भी रूप से स्वीकार नहीं कर रहा था। प्रहलाद को अनेक दंड दिए गये लेकिन भगवान की कृपा होने की वजह से वे सभी दंड विफल हो गए।

हिरण्यकश्यप की एक बहन थी जिसका नाम होलिका था। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि उसे अग्नि जला नहीं सकती थी। होलिका अपने भाई के आदेश पर प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर चिता पर बैठ गयी। भगवान की महिमा की वजह से होलिका उस चिता में चलकर राख हो गयी, लेकिन प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ था। इसी वजह से इस दिन होलिका दहन भी किया जाता है।

भगवान श्री कृष्ण से पहले यह पर्व सिर्फ होलिका दहन करके मनाया जाता था लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने इसे रंगों के त्यौहार में परिवर्तित कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन पूतना राक्षसी का वध किया था जो होली के अवसर पर उनके घर आई थी। बाद में उन्होंने इस त्यौहार को गोप-गोपिकाओं के साथ रासलीला और रंग खेलने के उत्सव के रूप में मनाया। तभी से इस त्यौहार पर दिन में रंग खेलने और रात्रि में होली जलाने की परम्परा बन गई थी। होली के दिन एक झंडा या कोई बड़ी डंडी को किसी सार्वजनिक स्थान पर गाडा जाता है। इस डंडे की पूजा कर उसके फेरे लगाकर मंगलकामना की जाती है और होली के मुहूर्त के समय इस डंडे को निकालकर इसके चारों तरफ लकड़ियाँ और उपले इकट्ठे किए जाते हैं। हिन्दू धर्म के अनुसार पूजा के बाद इन लकड़ियों में आग लगाई जाती है और राख से तिलक लगाया जाता है। इसे होलिका दहन का प्रतीक माना जाता है। इस आग में किसान अपने अपने खेत के पहले अनाज के कुछ दानों को सेकते हैं और सब में बांटते हैं। इसी से मिलन और भाईचारे की भावना जागृत होती है।

# तेल देखो.... तेल की धार देखो

### सूडोकु नवताल- 6014

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6013 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**ओमप्रकाश मेहता**

**मौजुदा चुनाव परिणामों से भविष्य की कल्पना गलत....!**

हमारे परम्परावादी देश में 'कल्पना' या 'सुखद भविष्य के सपने' विशेष महत्व रखते है और कई क्षेत्रों में हम हमारी इसी परम्परा के कारण अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्द्धाओं में पिछड़ भी रहे है। हम हमारी छोटी सी उपलब्धि को भविष्य का संकेत मान यथार्थ के धरातल से अपने आपको ऊँचा कर गर्व से दुनिया की ओर देखने लगते है, जबकि वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों में मौजुदा उपलब्धि का सही आंकलन नहीं करते।

मेरे इस तर्क को यदि ताजा उदाहरण देकर समझाया जाए तो वह अधिक सहज हो जाएगा। हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव परिणामों से प्रोत्साहित होकर देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी भविष्य के सुनहरे सपनों में खो गई है और दो साल बाद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के सुखद परिणामों की कल्पना में खो गई है, जबकि सभी को ज्ञात है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले करीब दस और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव होना है और इन राज्यों की विधानसभाओं के भी उत्तरप्रदेश जैसे चुनाव परिणाम आएं, ये कोई जरूरी नहीं है। वैसे 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले राज्यसभा के अहम् चुनाव होना है और ये राज्यसभा के चुनाव देश के भावी राष्ट्रपति का भविष्य तय करेगें इसलिए फिलहाल केवल पांच राज्यों के परिणामों के आधार पर देश के राजनीतिक भविष्य की कल्पना करना कतई ठीक नहीं है।



इसी सन्दर्भ में यहां यह भी उल्लेख करना जरूरी है कि चूंकि देश से कांग्रेस का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और उसे ही चूंकि प्रमुख प्रतिपक्षी दल माना जाता रहा है इसलिए भी यह कल्पना की जा रही है कि मोदी जी की भाजपा के सामने वर्तमान व भविष्य में कोई चुनौति नहीं है, किंतु भाजपा का यह विचार 'दिवास्वप्न' भी बन सकता है, यदि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी अपने कांग्रेस विहीन मजबूत प्रतिपक्ष के अपने इरादों में सफल हो जाती है। फिर ममता बैनर्जी को पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा का भी साथ मिला हुआ है और संभव है भविष्य में चुनौति के समय वरिष्ठ प्रतिपक्षभ् नेता शरद पवार भी साथ है पवार, ममता व देवगौड़ा की तिकड़ी देश का राजनीतिक नक्शा बदल भी सकती है। हम पिछले राष्ट्रपति चुनाव का ही उदाहरण सामने रख सकते है, 2017 में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी भाजपा के पास थे, इस वजह से भाजपा उम्मीदवार रामनाथ कोविंद की जीत आसान हो गई लेकिन इस बार ऐसा नहीं है, फिर राष्ट्रपति चुनाव के लिए क्षेत्रिय दलों ने लामबंदी अभी से शुरू भी कर दी है। फिर राष्ट्रपति चुनाव तो फिर भी वर्तमान पार्टी क्षमता पर निर्भर है, इसलिए एक बार यह माना भी जा सकता है कि तब तक इन पांच राज्यों में होने वाले राज्यसभा चुनावों से भाजपा प्रत्याशी की तकदीर संवर सकती है, किंतु निकट भविष्य में ही पन्द्रह और राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है इसलिए 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद की राजनीतिक तस्वीर की कल्पना फिलहाल कैसे की जा सकती है, जरूरी नहीं कि भावी चुनाव वाले सवा दर्जन राज्यों में भी विधानसभा चुनावों के समय ''मोदी मैजिक'' चल पाये? ....और यह तो सभी को पता है कि भारत का राजनैतिक परिदृष्य बदलने मे कोई ज्यादा समय नहीं लगता यहां तो कुछ घण्टों में ही सरकारें बदलने का भी इतिहास रहा है इसलिए मौजूदा परिदृष्य के आधार पर दो साल बाद के भी परिदृष्य की कल्पना कैसे की जा सकती है और देश में सत्तारूढ़ दल सुनहरे दिवास्वप्न में खो सकता है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनावों से पहले गुजरात-हिमाचल (2022) तथा मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैण्ड राज्यों में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होना है। ....और इन दस राज्यों में भी भाजपा उत्तरप्रदेश की तर्ज पर परिणाम प्रस्तुत करें, यह जरूरी तो नहीं है, फिर जहां तक प्रतिपक्षी कांग्रेस दल का सवाल है, मौजूदा व्यापक हार के बाद उसकी भी छटपटाहट बढ़ गई है।

## आसानी से छुड़ाएं त्वचा से होली के रंग

**श्वेता गोयल**
**(होली पर विशेष)**

होली का त्यौहार है ही ऐसा मस्ती भरा कि हर किसी का मन इसके मतवाले रंगों में रंगने को मचल उठता है लेकिन दिनभर की मस्ती के बाद शरीर पर रंग इस कदर रच जाते हैं कि इन्हें छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। आपकी इसी परेशानी को दूर करने के लिए हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा से रंगों को आसानी से छुड़ा सकते हैं और त्वचा पर रंगों के रचने के डर से बेखबर होकर होली का भरपूर मजा ले सकते हैंः-

शरीर के किसी भी हिस्से पर रंग लग जाने पर त्वचा को किसी खुरदरी वस्तु से घिस-घिसकर रंग उतारने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपकी त्वचा छिल सकती है।अगर त्वचा पर ज्यादा रंग लग जाए तो रंग छुड़ाने का आसान और बेहतर उपाय यही है कि नारियल या सरसों के तेल में रूई भिगो-भिगोकर धीरे-धीरे हल्के हाथ से रगड़कर रंग छुड़ाएं।गहरे रंग के ऑयल पेंट को छुड़ाने के लिए भी यही उपाय अपनाएं।रंग छुड़ाने के लिए नारियल तेल या सरसों के तेल के बजाय क्लींजिंग मिल्क का भी प्रयोग कर सकते हैं।त्वचा को रंग या गुलाल के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए होली खेलने के बाद शरीर को नहाने के साबुन से अच्छी तरह साफ कर लें और नहाने के बाद त्वचा पर कोई एंटीसेप्टिक क्रीम लगा लें।रंग छुड़ाने के लिए डिटरजेंट साबुन, मिट्टी के तेल, दही, हल्दी इत्यादि का उपयोग न करें क्योंकि ये त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं।रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे अथवा ताजा पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से स्नान करने पर रंग और भी पक्के हो जाते हैं।त्वचा का रंग उतारने के लिए बेसन, हल्दी व सरसों का तेल मिलाकर उबटन धीरे-धीरे रगड़ने से भी रंग बहुत जल्दी उतरता है और त्वचा पर इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।सिर में रंग भरा हो तो सिर का रंग उतारने अथवा साफ करने के लिए सिर को किसी अच्छे शैम्पू से अच्छी तरह से धोएं। सिर का रंग छुड़ाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि यह शरीर की त्वचा पर न गिरे और सिर धोते समय आंखें भी बंद हों। गुलाल को कभी भी सिर्फ पानी से ही धोने की कोशिश न करें क्योंकि इससे इसका रंग और भी फैलता है। इसे साफ करने के लिए किसी अच्छे बाथ सोप का प्रयोग करें।होली के रंग कई बार इतने पक्के होते हैं कि एक ही बार में नहीं छूटते। इसलिए शरीर की त्वचा अथवा चेहरे को रगड़-रगड़कर एक ही बार में सारा रंग उतारने की कोशिश में अपनी त्वचा के साथ ज्यादती न करें।

# धू धू कर जली होलिका, आज बरसेगा रंग-गुलाल, हुडदंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर

**मुरैना।** शांति एवं सदभाव का प्रतीक तथा द्वेषभावना व गिले शिकवे दूर करने वाले होली का पर्व आ गया है। गुरूवार की रात गली मोहल्लों में शुभ मुहुर्त में हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन किया गया। वहीं आज शुक्रवार को लोग रंगों से एक दूसरे को सराबोर करेंगें। होली को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है, लेकिन इस उत्साह पर महंगाई एवं परीक्षाओं की मार साफ दिखाई दे रही है। वहीं होली के इस पर्व पर शराब पीकर हुडदंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

होलिका दहन की तैयारियां शहर के विभिन्न चौराहों, गली मोहल्लों में युवाओं द्वारा जोर-शोर से की गईं तथा शाम होते ही महिलाऐं होलिका को पूजने पहुंची और शुभ मुहुर्त के अनुसार होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही चहुंओर गुलाल, अबीर व रंगों की बरसात होने लगी। आज शुक्रवार को जिलेभर में रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। लोगों ने होली के लिये अपनी अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। होली को देखते हुये काफी संख्या में लोग मथुरा, वृदांवन, बरसाना सहित चित्रकूट, वैष्णों देवी, कैलादेवी जैसे धार्मिक एवं पिकनिक स्थलों पर भी गये हुये हैं और होली का आनंद वहीं उठायेंगें। होली के त्यौहार को लेकर बाजार में भी काफी भीड़ देखी गई। एक तरफ जहां रंग, गुलाल, पिचकारी खरीदने के लिए बच्चे, नौजवानों पर भीड़ लगाकर खड़े रहे वहीं बाजार में खरीददारी का दौर भी चला। गांव कस्बों में होलिका दहन उत्सव को लोग मिलकर मनाते हैं। होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिये पुलिस प्रशासन द्वारा कडे सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। साथ ही शहर कोतवाली, स्टेशन रोड, सिविल लाइन थाना पुलिस के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं भारी पुलिस बल शहर में शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर कडी नजर रखेंगें।





### होलिका दहन में जलती है बुराईयां

प्राचीनकाल में हिरण्याकश्यप पुत्र प्रहलाद ईश्वर का भक्त था। अपने पुत्र की ईश्वर भक्ति असुर प्रवृत्ति के हिरण्याकश्यप को पसंद नहीं थी। इस हेतु प्रहलाद के पिता ने कई बार अपने पुत्र को समझाया कि हम असुर कुल के है और देवता हमारे दुश्मन है। इसलिये तुम्हें ईश्वर की भक्ति नहीं करनी चाहिए, किंतु जन्म से ही भगवान विष्णु की भक्ति में लीन प्रहलाद को अपने पिता की कोई बात समझ नहीं आती थी। अंततः हिरण्याकश्यप ने अपनी बहन होलिका से कहा कि मैंने अपने पुत्र को समाप्त करने के सारे उपाय कर लिये है, किंतु प्रहलाद हर बार मृत्यु से बच निकलता है। राक्षस कुल की मर्यादा के लिये अग्नि से न जलने वाली होलिका ने भाई से कहा कि आप प्रहलाद को मेरी गोद में बिठा दें और मुझे अग्नि से जला दें तो उस अग्नि में प्रहलाद जलकर राख हो जायेगा और मैं बच जाऊंगी, किंतु अग्नि की लपटों में बुराई रूपी होलिका का दहन हो गया और प्रहलाद बच गये, तभी से होलिका दहन का यह पर्व बुराईयों को जलाने के स्वरूप में मनाया जा रहा है।

## जैन मिलन महिला ने की भक्तांबर महामंडल विधान की आरती

**मुरैना।** पंचायती दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मुरैना में इन दिनों आचार्य विन्रम सागर जी महाराज विराजमान हैं और उनके द्वारा जनकल्याण की भावना से श्री भक्तांबर महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जैन मिलन महिला ने भक्तांबर महामंडल विधान आरती का आयोजन किया। यह महाआरती पल्लीवाल दिगंबर जैन मंदिर लोहिया बाजार से गाजे बाजों के साथ बड़े जैन मंदिर पहुंची इसमें महिलाएं आरती की थाली सजा कर मंगल गीत गाते हुए विधान स्थल तक पहुँची। इस मौके पर सरिता जैन ने बताया कि भक्तामर स्त्रोत सर्व कष्ट निवारक है। एक भक्त जब अंबर को छू लेता है तो वह भक्तांबर हो जाता है। भक्ताम्बर स्त्रोत हमारे सभी दुख, पीड़ा व कष्टों को हरने वाला है। इस मौके पर पंच परमेष्ठी की आरती एवं भगवान आदिनाथ समेत चौबीसों भगवान की आरती कर विश्व शांति की कामना की गई। इस मौके पर धर्मेंद्र जैन एडवोकेट, सरिता जैन, भावना जैन, शिल्पी जैन, रजनी जैन, बबिता जैन, ऊषा जैन, राखी, बबिता, जुली, प्रीति, रेखा, शिक्षा, शशि, श्वेता, कल्पना, पारुल, शीतल, दीपा, आरती, जूली, नीलम सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## विकास क्रांति ने बांटे गरीब बस्तियों में होली के उपहार


**मुरैना।** विकास क्रांति संगठन ने होली के अवसर पर छौंदा गांव की गरीब बस्तियों में गुलाल, पिचकारी, फल आदि सामान वितरित किया और सबको गुलाल लगाकर उनके बीच होली का त्यौहार मनाया। उपहार पाकर बच्चे बडे ही उत्साहित थे। विदित हो कि पूर्व में ही संगठन द्वारा कई बार सपेरा, बंजारा जाति के बीच में खुशियां मनाते हुए उन्हें उनकी जरूरत का सामान उपलब्ध कराई गई हैं। इस वार होली के अवसर पर जैसे ही संगठन के लोग दनके बीच पहुंचे तो दूर से ही होली के उपहारों के साथ देख बच्चे चहक उठे, उपहार पाने के बाद बच्चों ने मांग की है कि हमारे पास चप्पलें नहीं हैं।



# विधान सभा स्थगन के लिए शिवराज सरकार ही नहीं, नेता प्रतिपक्ष भी जिम्मेदार: माकपा

**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधान सभा का बजट सत्र निर्धारित समय से नौ दिन पहले खत्म कर देने के लिए प्रदेश की भाजपा की शिवराज सिंह चौहान सरकार ही नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष भी जिम्मेदार हैं। यह अजीब बात है कि सिर्फ विपक्षी विधायक ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी विधान सभा को 25 मार्च तक चलाने के पक्ष में थे।


मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि लगातार तीन सालों से बिना चर्चा के बजट पारित हो रहा है और इस बार भी 2.79 लाख करोड़ का बजट बिना चर्चा के विधान सभा में पारित कर दिया गया। माकपा राज्य सचिव ने कहा कि जब विधायकों ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ही नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास से संबंधित सैंकड़ों प्रश्न लगा रखे थे, तब विधान सभा की कार्यवाही 21 घंटे 52 मिनट में ही स्थगित कर दी गई। जसविंदर सिंह के अनुसार जब सरकार दावा कर रही है कि नेता प्रतिपक्ष की सहमति से विधान सभा सत्र समाप्त की गई है तो इस अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक अपराध की जिम्मेदारी से नेता प्रतिपक्ष भी बच नहीं सकते हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के अनुसार वर्ष 2020 में कोरोना का बहाना बनाकर विधानसभा की कार्यवाही मात्र 113 मिनट हुई और वर्ष 21 में 62 घंटे में विधान सभा की औपचारिकता पूरी कर ली गई। और इस बार का बजट सत्र भी 21 घंटे 52 मिनट में खत्म कर दिया गया। माकपा नेता ने कहा है कि विधानसभा जनता के दुःख दर्दों की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच है और संसदीय जनतंत्र में विधान सभा अगर सरकार के विधायी कार्यो के निबटारे तक सिमट जाए तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। विधान सभा की कार्यवाही सरकार को ही जवाबदेह नहीं बनाती है बल्कि नौकरशाही की निरंकुशता को भी नियंत्रण में रखती है। जसविंदर सिंह के अनुसार भाजपा के सत्ता में आने के बाद विधान सभा की बैठकें आम तौर कम होती हैं, मगर यदि विपक्ष भी भाजपा के अलोकतांत्रिक कदमों का समर्थन करता है तो वह भी सशक्त और सतर्क विपक्ष की भूमिका नहीं निभा रहा है।



## माथुर वैश्य समाज की महिलाओं ने किया फाग महोत्सव का आयोजन

**अम्बाह।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी माथुर वैश्य कॉलोनी में स्थित श्रीमती गीता जगन्नाथ के निवास पर माथुर वैश्य महिला मंडल द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। फाग महोत्सव में महिलाओं द्वारा फाग के गीत सहित अन्य भक्ति गीत गाए गए। इस दौरान छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण का स्वांग भी रचाया। महिला मंडल की श्रीमती पूजा गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष महिला मंडल द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया जाता है। विगत 2 वर्षों से कोरोना के चलते कोई भी आयोजन नहीं हो पाए थे। इसलिए इस वर्ष महिलाओं में फाग उत्सव को लेकर काफी उत्साह था। जिसके चलते आज महिला मंडल द्वारा गुलाल और फूलों से होली खेली इसके साथ ही राधा कृष्ण का स्वांग एवं गीत संगीत व भजन कीर्तन का आयोजन फाग महोत्सव के दौरान किया गया। महिलाओं ने आज बिरज में होली मेरे रसिया, होली के दिन दिल मिले जाते हैं, फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है जैसे गीतों का गायन किया इस आयोजन में श्रीमती पूजा परमानंद गुप्ता, अनीता गुप्ता, गीता जगन्नाथ गुप्ता, रेखा गुप्ता, बबिता गुप्ता, अंजली गुप्ता, शिखा गुप्ता, सोना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, रेखा गुप्ता, गीता राजू गुप्ता, सीमा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, रिया गुप्ता माधुरी गुप्ता, सुनीता गुप्ता, राखी गुप्ता, रुकमणी गुप्ता, शिमला गुप्ता सहित अनेक महिलाएं शामिल थी।






## नर्सिंग होम में अविवाहिता ने दिया बच्चे को जन्म, परिजनों ने वहीं छोड़ा

### नर्सिंग होम कर रहे नियमों का उल्लंघन, नहीं हो रही कार्यवाही

**मुरैना।** शहर में निजी नर्सिंग होम द्वारा पीएनडीटी एक्ट का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन एवं बाल कल्याण समिति द्वारा कोई कार्रवाई ना किया जाना, उनकी मिलीभगत को दर्शाता है। बुधवार की देर शाम पुरानी हाउसिंग बोर्ड स्थित मीरा प्रेमी नर्सिंग होम में एक अविवाहित युवती द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद उसे वहीं छोड़ दिया गया और काफी देर तक वहां हंगामा होता रहा। पुलिस को सूचना मिली तो बच्चे को कब्जे में लेकर उसे चाइल्ड वेलफेयर सेंटर के हवाले कर एसएनसीयू में भर्ती करा दिया गया, जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम को मीरा प्रेमी नर्सिंग होम में अवैधानिक तरीके से एक अविवाहित युवती की डिलीवरी की गई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चा हो जाने के बाद परिजनों ने बदनामी के डर से बच्चे को वहीं छोड़ दिया तथा चले गए, जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। हंगामे की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले को शांत किया तथा चाइल्ड वेलफेयर सेंटर के चेयरमैन आलोक राजावत को सूचना दी। उन्होंने बच्चे को अपनी सुरक्षा में लेकर उसे एसएनसीयू मैं भर्ती करा दिया, जहां बच्चे का इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि शहर के तमाम निजी नर्सिंग होम में पीएनडीटी एक्ट का खुला उल्लंघन हो रहा है और लगातार भ्रूण हत्या एवं अवैधानिक तरीके से डिलीवरी के मामले सामने आ रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक प्रशासन की शक्ति के कारण इस पर कुछ हद तक विराम लगा था, लेकिन अब प्रशासन की ढिलाई के कारण निजी नर्सिंग होम संचालक फिर से मनमानी करने पर उतारू हो गए हैं तथा अवैधानिक तरीके से कार्य कर रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार की शाम प्रेमी नर्सिंगहोम में देखने को मिला। गौरतलब बात यह है कि ऐसे मामलों के लिए बाल कल्याण समिति सहित कई अन्य समितियां बनी हुई हैं, लेकिन उन्हें जानकारी होने के बावजूद कोई कार्यवाही नर्सिंग होम संचालक पर नहीं कराई गई है।




## फांसी लगाकर मौत को गले लगाने वाले पवन के पिता ने एसपी से मांगी इच्छा मृत्यु की इजाजत

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी खुलेआम घूम कर परिजनों को कर रहे प्रताड़ित

**मुरैना।** दो माह पूर्व स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के मुड़ियाखेड़ा इलाके में सुरजनपुर के पवन शर्मा की फांसी पर लटकी लाश मिली थी तथा पुलिस विवेचना में सामने आया कि नामजद आरोपियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के चलते पवन को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा और स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया था। पवन की मौत के जिम्मेदार आरोपी खुलेआम घूम कर मृतक के परिवार को धमका रहे हैं और राजीनामा के लिए दबाव बना रहे है। पीड़ित परिवार ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी आशुतोष बागड़ी से इच्छा मृत्यु की इजाजत मांगी है, वहीं पुलिस अधीक्षक ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि पवन शर्मा दंडोतिया पुत्र रामप्रकाश दंडोतिया निवासी निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना माता बसैया को आरोपी गण धर्मेंद्र उर्फ मोनू यादव, अजीत उर्फ छोटू उपाध्याय, अनिल शर्मा द्वारा अवैधानिक तरीके से रुपयों के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। अत्यधिक प्रताड़ित व परेशान किए जाने के चलते पवन ने तंग आकर 19 जनवरी को आत्महत्या कर ली, जिसका मर्ग कायम स्टेशन रोड थाना पुलिस ने दर्ज किया था तथा 6 फरवरी को जांच उपरांत पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने का मामला दर्ज किया। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपीगण रामप्रकाश व उसके परिजनों को परेशान कर धमका रहे हैं तथा राजीनामा के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

**आम सूचना**

म0प्र0 शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एव उपभोक्ता. सरंक्षण विभाग का परिपत्र क्र./233/पीएस फूड/2022 दिनांक 21.02.2022 के अनुसार 800 से अधिक परिवार वाली राशन दुकानों में अतिरिक्तप उचित मूल्यि दुकान खोलने के सबंध में प्राप्ता निर्देशानुसार पात्र संस्थाह (क) म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 10 की उपधारा (1) अंतर्गत वर्गीकृत (i) उपभोक्ताप सोसायटी (ii) विपणन सोसायटी (iii) उत्पाबदक सोसायटी (iv) संसाधन सोसायटी (1) बहुप्रयोजन सोसायटी (ख) महिला स्वण-सहायता समूह (ग) सयुक्तद वन प्रबंधन समिति से अम्बाोह 02, पोरसा 01 कुल 03 पंचायतो में पात्रा संस्थाूऐ अतिरिक्तस नवीन शासकीय उचित मूल्यन दुकान आवंटन हेतु दिनांक 17 मार्च 2022 से 23 मार्च 2022 तक बेवसाइट https://rationmitra.nic.in/ पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है विस्तृ त निर्देश एवं रिक्त/पंचायतो की सूची पात्रा संस्थारऐ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में कनिष्ठ/आपूर्ति अधिकारी से अवलोकन कर सकती है अतिरिक्ता उचित मूल्या दुकानों का आवंटन म.प्र. मान. उच्च न्याायालय में प्रचलित प्रकरण रिट पिटीशन क्रमांक 10013/2016 एवं अन्यद सबंधित प्रकरणों में पारित अन्तिम आदेश के अध्या्धीन होगा।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अम्बावह, जिला मुरैना म.प्र.**

# डॉक्टरों ने मरीजों के संग खेली होली, उडा गुलाल अबीर, जिला चिकित्सालय शिवपुरी में हुआ अनूठा आयोजन

**मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** जिले में पहली बार डॉक्टरों ने मरीजों के साथ गुलाल अबीर लगाकर होली के त्यौहार की शुरूआत की। होली मिलन का यह अनूठा आयोजन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देश पर जिला चिकित्सालय शिवपुरी में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर के नेतृत्व में चिकित्सक तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने रोगियों और उनके अटेंडरों को वार्डों में जाकर शुभकामनाएं दी तथा फलों का वितरण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने बताया कि कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह बेहद मर्मस्पर्शी है। उन्होंने होली के पवित्र त्यौहार पर रोगियों और उनके परिजनों के घर न जा पाने के कारण उन्हें ऐसा न लगे की वह बीमारी के चलते त्यौहार की खुशियों से दूर हैं इसलिए जिला अस्पताल में चिकित्सक एवं रोगी होली मिलन आयोजित करने का निर्देश दिया, जिसके तारत्मय में आज जिला अस्पताल के वार्डो में जाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन, पूर्व सिविल सर्जन डॉ पीके खरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर, आरएमओ डॉ संतोष पाठक, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ गिरीश चतुर्वेदी, डॉ योगेन्द्र, डॉ.रघुवंशी, राघवेन्द्र सिंह, डॉ पंकज गुप्ता, डॉ चंद्र




शेखर गुप्ता, डॉ. दिनेश राजपूत, डॉ. ओपी शर्मा, डॉ अर्पित बंसल, डॉ दिवाकर वर्मा, डॉ ब्रजेश मंगल के अलावा नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने रोगियों को गुलाल अबीर लगाकर शुभकामनाएं दी तथा फलों का वितरण किया।

डॉ पवन जैन ने बताया कि शिवपुरी जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में चिकित्सक और रोगियों के संग होली मनाने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

जिला अस्पताल में भर्ती मरीज़ ने बताया कि उसने आज तक ऐसा कभी नही देखा कि इतने बडे डॉक्टर आकर मरीजों को गुलाल लगा रहे हों और गले मिल रहे हो तथा शुभकामनाएं दे रहे हो।

अस्पताल में भर्ती कल्लो बाई ने बताया कि वह आज दोपहर को ही पेट दर्द की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती हुई जिसमें कुछ देर में आराम पड गया उसके बाद अस्पताल के बडे अधिकारियों ने होली का गुलाल लगाकर पैर छूकर शुभकामनाएं दी तो उन्हें ऐसा नही लगा जैसे वह अपने गांव में ही है और परम्परा के अनुसार गांव के युवा और परिचित आकर पैर छू शुभ कामनाएं दे रहे हैं।

जिला अस्पताल में कम्प्यूटर आपरेटर का कार्य करने वाले ध्रुव ने बताया कि पहली बार अस्पताल में इस प्रकार का आयोजन में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा।

## जगदलपुर- जेल में बंद बीजेपी नेताओं से मिलने पहुंची प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी



**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़ ।** जगदलपुर- बीजेपी प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी जेल में बंद बीजेपी नेताओं से मिलने पहुंची। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री किरण देव, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन से जुड़े 14 महीने पुराने मामले में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व मनोहरदत्त तिवारी, रघु सेठिया जेल में बंद हैं। प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के साथ सुरेश गुप्ता की पत्नी पार्षद सविता गुप्ता भी मिलने अंदर जाना चाहती थी लेकिन उन्हें नहीं जाने दिया गया।

## स्वामी तेजानंद महाराज ने आवडी पुलिस कमिश्नर का शॉल ओंढाकर किया बहुमान

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा ब्यूरो**

**चैन्नई** -भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एस नरेशपुरीजी गोस्वामी गुरूवार सुबह 12बजे चैन्नई आवडी पुलीस कमिश्नर सन्दिपराय राठोड से उनके कार्यालय मे मुलाकात कर रंगो के त्यौहार होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई दि और तामीलनाडु पुलीस विभाग मे उच्च पद पर मनोनीत होने का आर्शीवाद दिया साथ ही 13मार्च 2022 मिन्जूर केशवपुरम के एक नशेडीये दुवारा तिन प्रवासी दुकानदारों पर किए गए हमले से अवगत कराया साथ ही उस घठना मे सामिल अपराधी को मिन्जूर पुलीस ने तुरन्त गिरफ्तार कर लिया गया परन्तु एक और अपराधी ने स्थानीय व्यापारी सघंठन के पदाधिकारियों वह दुकानदारों को धमकी देने वाले अपराधी को तुरन्त गिरफ्तार करने का कमिश्नर साहब से अनुरोध किया उस अनुरोध को कमिश्नर ने तुरन्त मानते हुऐ धमकी देने वाले अपराधी को तुरन्त गिरफ्तार करने का मिन्जूर पुलीस को आदेश दिया ।



## कलेक्टर ने ली बीहड़ सुधार कार्यक्रम प्रोजेक्ट की तैयारियों को लेकर बैठक

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर चंबल क्षेत्र में बीहड़ सुधार एवं कृषि उत्पादन गतिविधियों पर आधारित प्रोजेक्ट इक्रीसेट (इंटर नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेंमी ऐरिड ट्रोपिक्स) हैदराबाद द्वारा भिण्ड, मुरैना एवं श्योपुर के लिये प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रोजेक्ट की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर द्वारा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन आदि विभागों को निर्देश दिये गये कि प्रोजेक्ट के तहत अपने विभागों से संबंधित योजना का कन्वर्जन किया जाये। इसके अलावा मनरेगा योजना के तहत भी कन्वर्जन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदय सिंह सिकरवार, कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर से संचालक कृषि प्रसार डॉ. वाई.पी. सिंह, इक्रीसेट से डॉ. कौशल गर्ग, प्रधान वैज्ञानिक इक्रीसेट डॉ. रमेश सिंह, संयुक्त संचालक डी.एल कोरी मुरैना एवं उप संचालक कृषि शिवराज सिंह यादव के अलावा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## रात में चुराई आधा दर्जन मोटरसाइकिल, दो को तालाब में फेंक भागे चोर, पुलिस ने की बरामद

### कुछ घंटों पहले हुई चोरी मोटरसाइकिल को देख खुश हुआ फरियादी

**मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनिवास फोरलेन हाइवे के किनारे बने फार्म हाउस के तालाब में दो मोटरसाइकिलों को पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि चोरों ने बीती रात चोरों ने तीन अलग-अलग जगह से आधा दर्जन से भी ज्यादा बाइक चोरी की, और चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। जिसकी शिकायत वाहन मालिकों द्वारा सुबह पहुँचकर सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में जुटी हुई थी इस बीच ग्राम सिंघनिवास फोरलेन हाइवे के पास वोटा फार्म हाउस पर रहने वाले बटाईदार को खेत मे बने तालाब में दो मोटरसाइकिल को डली हुई देखी। जिसकी सूचना पुलिस को फोन पर दी गई। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मुयायना किया व तालाब में डली हुई मोटरसाइकिलों को बाहर निकाल सिटी कोतवाली ले आई।



## मिलावट खोर मस्त जनता त्रस्त खाद्य आपूर्ति विभाग सुस्त

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह ।** होली का त्योहार है जिसके चलते अभी से बाजार में मिलावटखोरी का धंधा तेजी से फल फूलने लगा है। हर बार लोग असली और नकली के खेल में पिसते हैं। असली खाद्य सामग्री के पैसे लेकर मिलावटी और नकली सामान थमा दिया जाता है। त्योहार कोई भी हो शहरवासियों की सेहत मिलावटखोरों के निशाने पर हैं बाजार में इन दिनों नकली दूध, पनीर, खोया, देशी घी आदि की भरमार है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के इंतजाम नाकाफी है होली पर्व नजदीक आते ही खोया की मंडी शहर भर में जगह-जगह सजने लगी है। मिलावटी खोया की बिक्री लगभग 300 रुपए प्रतिकिलो के करीब की जा रही है एक किलो खोया बनाने के लिए चार से पांच लीटर दूध की जरूरत होती है। वर्तमान समय में पांच लीटर दूध की कीमत करीब 300 रुपए होगी। ईंधन और खर्च जोड़कर एक किलो खोया



बनाने में करीब 350 रुपए तक का खर्च बैठता है। ऐसे में ग्राहकों को 300 - 350 रुपए में शुद्ध खोया कैसे मिल सकता है।मिलावट खोर खोया में इस तरह आलू का इस्तेमाल करते है कि आम आदमी इसको नहीं पहचान सकता है। आलू को उबालने के बाद उसे पीस कर अधपके दूध में मिला दिया जाता है। इसके बाद खोया तैयार किया जाता है। खोया में आलू की महक को दूर करने के लिए खोया की सुगंध वाला इत्र भी मिलाया जाता है। शकरकंद का भी प्रयोग मिलावटी खोये में होता है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को लागू किया गया है जिसके अंतर्गत नमूना फेल होने पर 10 लाख तक जुर्माना व छह महीने तक सजा का प्रावधान है खोया की पहचान करने के लिए लोग खोया को अंगूठे से रगड़े तो घी की महक व खुशबू देर तक आयेगी खोया में थोड़ी चीनी डालकर गरम करें। अगर यह पानी छोड़ने लगे तो नकली है।हथेली पर खोया की गोली बनाएं। अगर यह फटने लग जाए तो मावा नकली है।

## स्वच्छता सर्वे 2022 में जीतेंगे हम जीतेगा मध्यप्रदेश : ओपीएस भदौरिया

### ■ नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने प्रदेशवासियों से की अपने शहर और गाँव को स्वच्छ रखने की अपील

### ■ प्रदेश को फिर से बनाना है नम्बर वन, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हम सबको किया जागृत


दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वे 2022 शुरू हो चुका है। जिसमें सर्व समाज की जनता मध्यप्रदेश को स्वच्छता की ओर पहुंचाने के लिए अपने-अपने जिला एवं गांव और शहर को सांप सुधरा बनाने में अपनी अहम भूमिका के साथ कार्य करें जिससे मध्य प्रदेश प्रथम स्थान पर आकर आपकी कार की सराहना की जाए जिसमें हम सबकी जनभागीदारी अति आवश्यक है द्य

प्रदेश के नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश के स्वच्छता को लेकर मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट कर तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से सभी नागरिकों से अपने शहर और गाँव को स्वच्छ रखने में भरपूर सहयोग देने की अपील की है द्य

राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश के सभी नागरिकों की मेहनत और परिश्रम तथा सफाई मित्रों की कर्मठता से प्रदेश ने स्वच्छता में नए रिकार्ड बनाये हैं। स्वच्छता में प्रदेश का स्थान बहुत ऊपर है। हमें फिर से स्वच्छता में मध्यप्रदेश को नम्बर वन बनाना है।

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने सभी नागरिकों से अपील की है की कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान में आपका जन सहयोग मिलेगा तो प्रदेश के हर जिले केशहर और गाँव को स्वच्छ रखने में निरंतर बढ़ते रहेंगे द्य



नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा की हर जिले की जनता को इंदौर महानगर की स्वच्छता की प्रणाम से हम आगे बढ़े और साफ-सफाई रख अपने गली और घरों और मोहल्लों को स्वच्छता के साथ आगे बढ़ाएं जिससे शहर में गंदगी ना हो घर का कचरा सड़कों पर ना फेंके यह हमारी जिम्मेदारी है जमा अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगे तो दूसरे लोगों को भी हमें स्वच्छता की ओर आकर्षित करेगी मध्य प्रदेश का हर जिला हर गांव, हर गली और मोहल्ला आपका और अपना है जिसको है साफ रखने की जिम्मेदारी आपकी है सफाई कर्मचारी भी आपकी मदद के लिए आगे आकर कार्य करेंगे द्य जिनका हमें सहयोग करना है ।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 काल में प्रदेश की सर्व समाज की जनता ने सेवा भाव का संकल्प लेकर कार्य किया था उसी प्रकार हमें यही भाव लेकर स्वच्छता अभियान में प्राण पर से जुड़ना है और अपने हर जिले और गांव को प्रथम स्थान पर पहुंचे और मध्य प्रदेश को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में फिर 2022 का प्रथम पुरस्कार मिले यह भाजपा सरकार आपकी और अपनी है हर संभव मदद के लिए आपके साथ खड़ी रहती है स्वच्छता अभियान ही हमारे जीवन का महत्वपूर्ण करें ।

## 21 मार्च को सजेगा श्याम बाबा का मनमोहक दरबार, रेशमी शर्मा समेत भजन गायक देंगे अपनी प्रस्तुति

**अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** हारे के सहारे खाटू नरेश श्याम बाबा का मनमोहक दरबार आगामी 21 मार्च 2022 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में सजने वाला है।जो कि शाम 6 बजे से देर रात प्रभु इच्छा तक चलेगा।कार्यक्रम आयोजक बाबा के बेटों ने बताया कि इस बार पुनः श्याम बाबा के आशीर्वाद से 21 मार्च 2022 को शाम 06 बजे से ग्वालियर माधव मंगलम गार्डन,नदी गेट पर श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन श्याम भक्तो के द्वारा किया जा रहा है।जिसमे बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार,इत्र वर्षा,छप्पन भोग,ज्योति दर्शन आदि मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहेंगे।वहीं इस संकीर्तन कार्यक्रम में बेहतरीन भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा जी अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी।वहीं उनके साथ गुरुग्राम से नरेश सैनी जी,ग्वालियर से अतुल पारीक जी,ग्वालियर से ऋषिका ठाकुर जी अपने मनमोहक भजनों से बाबा के संकीर्तन कार्यक्रम में शमा बांधेगी।कार्यक्रम आयोजक बाबा के बेटों ने सभी श्याम भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आप इसका सीधा प्रसारण फेसबुक पर बाबा की बेटे एवं यूट्यूब पर क्करूबाबा के बेटे पर देख सकते हैं।



## वार्षिक उत्सव समारोह में जिला प्रमुख पति पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डिग्गी प्रसाद मीणा ने की शिरकत

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** मीणा सेवा संस्थान जिला अध्यक्ष पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धर्म सिंह जी मीणा युवा जिला अध्यक्ष राजेश जी सैनी राजेश सरपंच जीनापुर मुकेश सरपंच रावल लक्ष्मीकांत जी जेडावता रामप्रसाद जी ठेकेदार लालू जी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## 1 आरोपी, 3 मोटरसाइकिल सहित 40 लीटर कच्ची शराब को किया जप्त

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**टीकमगढ़।** बुधवार की तरह गुरुवार को भी शहर में आगामी त्योहारों को देखते हुए टीकमगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही का मन बनाते हुए निरंतर छापे मार करवाई को अंजाम दिया जा रहा है।



वही छापेमार कार्यवाही में टीकमगढ़ एसडीओपी के पी सिंह, डीएसपी प्रिया शिंधी, कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार, देहात थाना प्रभारी नासिर फारुकी के द्वारा संयुक्त रूप से शहर के नये बस स्टैंड के पीछे कुंचबंधिया मोहल्ला छापामार कार्यवाही की गई। जहां से तकरीबन 40 लीटर कच्ची शराब सहित 1 आरोपी व 3 मोटरसाइकिलो जप्त की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी कृष्णा पाल सिंह, डीएसपी प्रिया सिंधी, कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार, देहात थाना प्रभारी नसीर फारुकी, एसआई रघुराज सिंह, एसआई अंकित दुबे, एसआई चंदन सिंह, एएसआई नोने सिंह, चुन्नू लाल मुद्रे, अरविंद निरंजन, मोनू उपाध्याय, कपिल शर्मा, आशीष भट्ट, अनुराग चंदेल, मनीष भदौरिया, अनिल पचौरी, पुष्पराज, महेंद्र, बालचंद्र, रामकिशन, राहुल पटेरिया, मनोज, एनआरएस सेवक, अतुल, महिला आरक्षक सुधा, रितु, प्रियंका, एसआई धनवंती सहित संयुक्त पुलिस बल मौजूद रहा।

## मे गुरुसिंघ सभा के प्रवक्ता राजू चावला ने अपना जन्मदिन निराश्रित बच्चो के बिच मनाया और लोगो को प्रेरित

**मुन्ना खान ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन ।** बता दे भोकले कालोनी स्थित खुशहाली निराश्रित बाल आश्रम परिवार पहुँचा जहाँ केक काटकर उन्होंने ने बेसाराओ की समस्या दूर करने का वचन लिया। इस दौरान आयोजन में शामिल हुये पुलिस अधीक्षक सिधार्थ चौधरी ने राजू चावला और उनके परिवार की इस पहल की तारीफ़ करके बताया की आमजन के सहयोग से समाज को आगे ले जाया जा सकता है।इस मौके पर अशोक महाजन ,शवेता चौधरी,डाक्टर रमेश निमा सहित मोमीस ग्रुप ,रोटरी कल्ब के सदस्य ओर नागरिक मौजुद रहै ।

### पेट्रोल बम बनाने में माहिर हैं JMB आतंकवादी

# प्रदेश को सीरियल ब्लास्ट से दहलाने की तैयारी थी

**भोपाल।** भोपाल में पकड़े गए जमात ए मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (छ्व्स्क्र) के आतंकवादियों की मध्यप्रदेश को पेट्रोल बम से दहलाने की तैयारी थी. ये सभी आतंकवादी पेट्रोल बम बनाने में माहिर हैं. इनके पास से पेट्रोल बम बनाने के वीडियो मिले हैं. इसके लिए इन्हें कोलकाता से फंडिंग की जा रही थी. पूछताछ में हुए इस बड़े खुलासे के बाद अब खुफिया एजेंसियों के होश उड़ गए हैं।

चारों बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराये के मकान में रह रहे थे. इसलिए पुलिस अब किरायेदारों का डाटा तैयार कर रही है।

मध्य प्रदेश एटीएस ने राजधानी भोपाल से जेएमबी के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था. रिमांड लेकर इन सभी आतंकियों से पूछताछ की जा रही है. साथ ही भोपाल के करोंद क्षेत्र से पकड़े गए दो संदिग्ध आतंकियों से भी पूछताछ की जा रही है।



पूछताछ में रोजाना बड़े खुलासे हो रहे हैं. गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया को बताया कि जांच एजेंसी को आतंकियों के पास से पेट्रोल बम बनाने के वीडियो मिले हैं. उन्होंने बताया कि इन आतंकियों को फंडिंग कोलकाता से की जा रही थी. कोलकाता में कुछ लोगों को ट्रेस किया गया है. मध्य प्रदेश की पुलिस उनको पकड़ने के लिए गई है।

### पेट्रोल बम बनाने में माहिर

एटीएस की गिरफ्त में आए ये चारों आतंकवादी बम बनाने में माहिर हैं. उनके पास से कई वीडियो ऐसे मिले हैं जिसमें उन्होंने बम बनाना सीखा था. एक वीडियो में पेट्रोल बम बनाने की प्रक्रिया बताई गई है. इससे साफ है कि इन आतंकियों ने वीडियो के जरिए अपने स्लीपर सेल को पेट्रोल बम के साथ दूसरे बम बनाना सिखाया है. पूछताछ में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि आतंकी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे. उनकी बम ब्लास्ट की साजिश थी. लेकिन इनके मंसूबों पर पानी फिर गया है. हालांकि अभी पुलिस की टेंशन कम नहीं हुई है. क्योंकि मध्य प्रदेश के अलावा कई ऐसे राज्य हैं जहां पर आरोपियों ने स्लीपर सेल तैयार की है।

### सलमान से पूछताछ

भोपाल के ऐशबाग इलाके में इन चारों आतंकवादियों को किराये का मकान दिलाने वाले सलमान से एटीएस पूछताछ कर रही है. सलमान पेशे से कंप्यूटर मैकेनिक है. आतंकवादियों के पास मिला जिहादी साहित्य डिजिटल फॉर्म में है. इसके अलावा 10 हजार पेजों में भी जिहादी साहित्य मिला है. आतंकियों ने धार्मिक ग्रंथों के नाम पर अपना अलग जिहादी साहित्य तैयार किया था. इसी जिहादी साहित्य के जरिए युवाओं को भड़का कर ये आतंकवादी अपना स्लीपर सेल तैयार कर रहे थे।



## 3 महीने पहले मुकेश पाठक नाम के शख्स ने बंदूक का लाइसेंस कराने के नाम पर एक पत्रकार के साथ की धोखाधड़ी अधिकारियों के नाम पर ठग लिए ?12000 रुपए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** पूरी खबर यह है कि मुकेश पाठक नाम के शख्स से मुलाकात माननीय गृह मंत्री जी के बंगले पर हुई थी तब अचानक से संदीप प्रधान की उससे बात हो गई और वह बड़ी-बड़ी बातें फेंकने लगा कि मैं करा दूंगा किसी से बोलना नहीं आप बहला-फुसलाकर ठग लिए ?12000 इसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग सारी संदीप प्रधान के पास है पैसे मांगने पर संदीप प्रधान को दे रहा धमकी जान से मारने की

# ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज प्रतियोगिता में देश के टॉप 11 में प्रदेश के 4 शहरों का चयन

**भोपाल।** एफएसएसएआई की ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज प्रतियोगिता में देश के टॉप 11 में प्रदेश के 4 शहर, इंदौर, उज्जैन, सागर और जबलपुर चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता में देश के 180 और प्रदेश के 9 जिलों ने भाग लिया। इन शहरों को एफएसएसएआई द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि खाद्य सुरक्षा परितंत्र को मजबूत करने और आम नागरिकों में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों के उपभोग की संस्कृति को विकसित करने के लिये ''ईट समार्ट सिटी चैलेंज'' प्रतियोगिता हुई। इसमें खाद्य सुरक्षा से जुड़ी विविध गतिविधियों में रेग्यूलेटरी नमूना संग्रहण, खाद्य लायसेंसों एवं पंजीयन में बढ़ोतरी, सार्वजनिक स्थलों पर खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित करना, सोशल मीडिया से आम नागरिकों को खाद्य सुरक्षा की जानकारी देना, क्लीन स्ट्रीट फूड हब, क्लीन वेजीटेबल मार्केट, भोग, ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैम्पस, हाईजीन रेटिंग, आदि शामिल रही।

### इन्हें मिला प्रथम सर्टिफिकेट

देश में प्रथम सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाले प्रदेश के संस्थानों में ईट राइट कैम्पस प्राप्त करने वाला प्रथम एयरपोर्ट - राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल है। भोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला प्रथम मंदिर - महाकाल मंदिर, उज्जैन और भोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाली प्रथम मस्जिद/दरगाह - दरगाह-ए-हकीमी, बुरहानपुर है। ईट राइट स्कूल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला प्रथम स्कूल - सन्मति हायर सेकेण्डरी स्कूल, इंदौर, ईट राइट कैम्पस प्राप्त करने वाला प्रथम इनकम टैक्स ऑफिस - भोपाल एवं ईट राइट कैम्पस प्राप्त करने वाला प्रथम मूक बधिर संस्थान - शासकीय मूक बधिर विद्यालय रीवा है।

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यप्रद एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध 42 एनएसए, 486 एफआईआर दर्ज की गई है। खाद्य पदार्थों के 25 हजार से अधिक जाँच सेम्पल लिए गए हैं। मिलावट करने वालों के विरूद्ध लगभग 3 हजार से अधिक प्रकरण न्यायालयों में दर्ज किये गये हैं। अभियान में अब तक 19 करोड़ से अधिक की सामग्री जप्त की गई और 182 प्रतिष्ठान सील किये गये हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों के न्यायालयों द्वारा निराकृत 2500 प्रकरण में अधिरोपित अर्थ-दण्ड में 3 करोड़ से अधिक की वसूली की जा चुकी है।

प्रदेश में खाद्य पदार्थों की जाँच के लिये 15 चलित प्रयोगशाला संचालित है। चलित प्रयोगशाला से मात्र 10 रूपये में आम नागरिक अपने खाद्य पदार्थ की जाँच करा सकते हैं। जाँच क्षमता बढ़ाने के लिये इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में आधुनिक प्रयोगशालाओं का निर्माण किया जा रहा है।



*भोपाल में होलिका उत्सव के पूर्व माता होलिका की मूर्ति को अंतिम रुप देते हुए कलाकार।*

# सागर के हथखोय गांव में नहीं है होलिका दहन की परंपरा

**देवरीकलां (सागर)।** देश में गांवों से लेकर महानगरों तक जहां लोग होलिका दहन की तैयारी में जुटे हैं, वहीं सागर जिले के देवरी ब्लाक में हथखोय गांव ऐसा भी है, जहां होलिका दहन नहीं किया जाता। दरअसल इस गांव की आराध्य देवी मां झारखंडन हैं। ग्रामीणों में यह मान्यता है कि होलिका दहन से वे नाराज हो जाती हैं। माता के प्रति अटूट आस्था के कारण ग्रामीण होली नहीं जलाते। इस अंधविश्वास के चलते गांव में हरियाली बची हुई है।

यह गांव फोरलेन हाईवे पर देवरीकला ब्लाक मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर घने जंगल में बसा हुआ है। इसी गांव में झारखंडन माता का प्रसिद्ध मंदिर है। गांव के उप सरपंच कोमल ठाकुर (40) सहित अन्य ग्रामीण बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवनकाल में यहां कभी होली जलती नहीं देखी और बुजुर्गों से सुनी मान्यता का पालन करते हुए हमने भी कभी होली जलाने का प्रयास किया। इन ग्रामीणों के मुताबिक गांव में यही मान्यता चली आ रही है कि सदियों पहले इस गांव में होलिका दहन की तैयारी हुई थी, लेकिन होलिका दहन से पहले ही पूरे गांव में अचानक आग लग गई। जिससे ग्रामीण दहशत में आ गए थे। अफरा-तफरा मच गई थी। तब ग्रामीणों ने माता झारखंडन के मंदिर में जाकर गुहार लगाई, तब आग बुझ सकी थी। इस घटना के बाद कुछ ग्रामीणों के स्वप्न में माता झारखंडन ने आकर कहा था कि जब इस गांव में मैं स्वयं विराजमान हूं, तो यहां होली जलाने की क्या आवश्यकता है। जब तक मैं हूं, तब तक इस गांव में कुछ नहीं होगा। तब से यहां होली नहीं जलाई जाती।ग्रामीणों के मुताबिक माता झारखंडन के दरबार में चैत्र नवरात्रि पर मेला लगता है। इसमें दूर-दूर से लोग आते हैं। सैकड़ों परिवार माता को ही अपनी कुलदेवी मानते हैं। इसलिए वे यहां परिवार सहित पूजा करने आते हैं।





# उच्च माध्यमिक और माध्यमिक शिक्षकों के नियुक्ति पत्र जारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) और सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि शिक्षा विभाग ने उच्च माध्यमिक शिक्षक और माध्यमिक शिक्षक के नियुक्ति पत्र जारी कर दिए है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लिए प्रतीक्षा सूची से प्रवर्गवार पात्र 853 अभ्यर्थियों और माध्यमिक शिक्षकों के लिए प्रतीक्षा सूची से प्रवर्गवार पात्र 923 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए है।

माध्यमिक शिक्षकों के नियुक्ति आदेश संभागीय संयुक्त संचालक के स्तर से जारी किए गए है। जीव विज्ञान में माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन के कारण आदेश जारी नहीं किए गए है। राज्य मंत्री परमार ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 में विज्ञापित 20 हजार 670 पदों में से अब तक विभिन्न प्रवर्गो में 13 हजार 757 पदों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए है। इसके पूर्व प्रथम चरण में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 8 हजार 318 और माध्यमिक शिक्षकों के 3 हजार 663 पदों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे। राज्य मंत्री परमार ने सभी नव-नियुक्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक मेहनत, ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में अपना योगदान दें।

## बालाजी चिल्ड्रन एकेडमी मैं मनाया गया होली का पर्व

**प्रधानाध्यापक व विद्यालय संस्थापक बृजेश कुमार शर्मा ने होली के पर्व का संदेश देते हुए कहा कि हर्ष और शांति पूर्वक मनाएं होली**

**मान सिंह रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़ ।** प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शर्मा अनिल स्कूल के बच्चों के साथ मनाई होली डीजे और गायन वादन के साथ मनाई गई होली स्कूल प्रबंधक बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि होली एक सामाजिक मिलन का त्यौहार है कुछ लोग इसे गंदा बना देते है लेकिन अच्छा व मिलन का त्यौहार होता है इसमें सामाजिक कुरीतियां को भुलाकर के हमें एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए ब प्रेम पूर्वक हैं मिलना जुलना चाहिए और होली के पर्व को बड़ी हर्ष उल्लास से मानना चाहिए स्कूल में मौजूद बृजेश शर्मा प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य श्रीमती प्रमिला सिकरवार सहायक अध्यापक श्रीमती दुर्गेश परिहार सहायक अध्यापक संजना सिकरवार सहायक प्रियंका शर्मा अंजली शर्मा रागिनी मित्तल तुषार मित्तल हरीश कुमार सविता ललित गोयल बृजेश शर्मा कृष्णा शर्मा निशा सिंघल आदि लोग मौजूद रहे

# गर्लफ्रेंड के लिए तलाक देने को राजी नहीं हुई पत्नी तो कर दी हत्या

**रायसेन।** जिले में एक पति ने अफेयर के चलते पत्नी की हत्या कर दी. दूसरी महिला से शादी करने के लिए वह महिला से तलाक चाह रहा था, लेकिन पत्नी राजी नहीं थीं. इससे नाराज पति ने ड्राइवर के साथ पत्नी का मुंह-नाक दबाया और दर्दनाक मौत दी।

इस हत्या को हादसा दिखाने के लिए उसने अपनी कार को तोड़ा, लेकिन डॉक्टर की जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सारा सच सामने आ गया. पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है. मामला रायसेन के उदयपुरा थाना इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक, बृजेंद्र मालवीय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में चार्ज मैन के पद पर तैनात है. उसका पत्नी प्रियंका से घरेलू विवाद चल रहा है. वह उससे तलाक चाह रहा था, लेकिन पत्नी तलाक देने पर राजी नहीं थी. मामला कोर्ट तक पहुंच गया।

### कोर्ट ने की ये पहल

कुछ दिनों के बाद बृजेंद्र ने कोर्ट में फिर अर्जी दायर की कि वह पत्नी को साथ रखने के लिए तैयार है. इस पर कोर्ट ने कहा कि पहले एक महीने तक पत्नी को साथ में रखकर देखो. आरोपी पत्नी को मायके से लेकर इटारसी आ गया. एक महीने बाद पति-पत्नी कोर्ट गए और वहां से महिला फिर मायके चली गई. वह ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं हुई. बताया जाता है कि बृजेंद्र ससुरालवालों से लड़-झगड़कर पत्नी को कटनी से लेकर इटारसी के लिए निकला।

### इस तरह दिया घटना को अंजाम

आरोपी पत्नी को लेकर ड्राइवर के साथ इटारसी के लिए निकला. मंगलवार रात करीब 11 बजे जब कार उदयपुरा-गाडरवारा रोड पर पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो बृजेंद्र ने ड्राइवर के साथ प्रियंका का नाक-मुंह बंद कर दिया. उसे तब तक नहीं छोड़ा, जब तक उसक मौत नहीं हो गई. उसके बाद दोनों कार को खेत ले गए. यहां दोनों ने कार को तोड़ दिया, ताकि हत्या हादसा लगे. उदयपुरा थाना प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह डायल हंड्रेड पर एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. वहां पत्नी मृत अवस्था में मिली. सभी को अस्पताल ले जाया गया।

इस बीच पत्नी अपने मायके कटनी आकर रहने लगी. कोर्ट ने बृजेंद्र को पत्नी को साढे पांच लाख रुपये देने के लिए कहा था. लेकिन, जब बृजेंद्र ने सीधे तरीके से रुपये नहीं दिए तो उसके वेतन से एक हिस्सा कटकर पत्नी के खाते में जमा होने लगा।

### समिट के पहले मुख्यमंत्री चौहान देश विदेश में रोड शो में सम्मिलित होंगे

# नवम्बर में होगी इन्वेस्टर्स समिट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इन्वेस्टर्स समिट 2022 में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित कार्पोरेट्स बिजनेस हाऊसेस और अलग-अलग सेक्टर्स की शीर्ष कम्पनियों को आमंत्रित किया जाए। फार्मा एण्ड मेडिकल डिवाइसेस, टेक्सटाईल एण्ड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, एग्री एण्ड फूड प्रोसेसिंग, बायो-टेक्नोलॉजी, स्टार्ट-अप्स, इंजीनियरिंग ऑटोमोबाइल एण्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, लॉजिस्टिक्स एण्ड वेयरहाउसिंग सहित निवेश के नवीन क्षेत्रों में इकाइयों की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। इसके लिए सभी संबंधित विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री चौहान निवास पर आयोजित बैठक में आगामी नवम्बर माह में हो रही इन्वेस्टर्स समिट 2022 की तैयारियों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। यह समिट इंदौर में होगी। बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### इन्वेस्टर्स समिट के पहले होंगे रोड शो

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पूर्व वर्षों में हुई इन्वेस्टर्स समिट के फलस्वरूप प्रदेश में निवेश बढ़ा है। युवाओं को रोजगार भी मिला है। आगामी समिट के पहले होने वाले नई दिल्ली और मुम्बई के रोड शो में वे स्वयं जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देश के अन्य प्रमुख नगरों में मंत्रीद्वय राजवर्धन सिंह और सखलेचा द्वारा भी रोड शो में भागीदारी का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान अंतर्राष्ट्रीय रोड शो के लिए मई माह में दावोस और जर्मनी की यात्रा को भी अंतिम रूप दे सकते हैं। बैठक में बताया गया कि विभिन्न देशों के भारत स्थित राजूदत भी इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित किए जाएंगे। प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला ने देश के प्रमुख स्थानों जैसे कोयम्बटूर, बैंगलुरू, हैदराबाद, चैन्नई एवं अहमदाबाद में अप्रैल से जुलाई माह के मध्य प्रस्तावित रोड शो के लिए निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी। सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पी. नरहरि ने बताया कि आगामी 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. डे है।

# 20 मार्च को कांग्रेस मनायेगी 'लोकतंत्र सम्मान दिवस'

**पूरे प्रदेश में 'तिरंगा यात्रा' समेत कई आयोजन होंगे**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी चन्द्रप्रभाष शेखर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 15 वर्षो के बाद मध्य प्रदेश की जनता ने सरकार बदलने का निर्णय लेकर कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की बागडौर सौंपी थी, परन्तु बीजेपी ने धनबल और खरीद-फरोख्त की राजनीति करते हुए जनता की चुनी हुई सरकार को गिराकर जनादेश, लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया है। शेखर ने कहा कि कमलनाथ ने जोड़तोड़, सौदेबाजी और अनैतिक दलबदल जैसे कृत्यों से खुद को दूर रखकर भारतीय लोकतंत्र और डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये संविधान को जो सम्मान दिया है उससे हर एक भारतीय खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। विधायक खरीदकर सरकार बनाने के बीजेपी के इस अलोकतांत्रिक और कालेकाल में कमलनाथ ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए सत्ता का त्याग किया और हर एक भारतवासी को लोकतंत्र के मूल्यों की सही तस्वीर दिखाई है। जब बीजेपी तमाम नैतिक मूल्यों और आदर्शो को कुचलकर सत्ता हासिल करने के लिए प्रजातन्त्र को धनतंत्र से कुचल रही थी, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लोकतांत्रिक मूल्यों, आदर्शवादी सिद्धांतो और नैतिकता के उच्च मापदंडो को मानते हुए 20 मार्च 2020 को मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: निगमायुक्त





ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी जो भी लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने गुरुवार को प्रातः सुबह स्वच्छ्ता अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने सूर्य नमस्कार चौराहे पर निरीक्षण करते हुए चाय के ठेले पास पड़े कचरे को लेकर समझाइश देकर कचरा साफ करवाया तथा ठेले वाले को कचरा डस्टबिन में ही डालने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उसी क्षेत्र में वाटर लाइन लीकेज से सड़क पर फैल रहे पानी को बंद करवाने के निर्देश तुरंत मौके पर संबंधित इंजीनियर को दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल सिटी सेंटर ,न्यू हाई कोर्ट होते हुए नीडम रोड पहुंचे तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीच सड़क पर कचरे का ढेर पर आवारा पशुओ का जमाबड़ा देख नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत कचरा साफ करने और जानवरों को नियंत्रित करने के निर्देश दिए । निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने फूल बाग स्थित निगम प्रशासक कार्यालय जलविहार में चल रही सफाई व्यवस्था देखा और नवसंवत्सर के पहले साफ पानी भरने के लिए पार्क अधीक्षक से कहा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री श्री जे एन पारा, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेंद्र सक्सेना, मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व निगम आयुक्त श्री विनोद शर्मा से मिलकर दिलाई स्वच्छता की शपथ

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज स्वच्छता व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान पूर्व निगम कमिश्नर श्री विनोद शर्मा से मुलाकात करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा पूर्व निगम आयुक्त श्री विनोद शर्मा के साथ ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का संकल्प लिया।

# होली के त्यौहार पर जलप्रदाय की रहेगी विशेष व्यवस्था, 18 से 20 मार्च तक प्रतिदिन सभी टंकियों से होगा जलप्रदाय

ग्वालियर।

होली के पावन पर्व के अवसर पर आमजनों की सुविधा के लिये नगर निगम ग्वालियर द्वारा 18 मार्च से 20 मार्च तक प्रतिदिन सभी टंकियों से जलप्रदाय किया जाएगा। अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आर एल एस मौर्य ने जानकारी देते हुये बताया है कि निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना एवं निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आम नागरिकों को होली के पावन पर्व पर कोई असुविधा न हो, इसलिए 18 मार्च से 20 मार्च तक नियमित सभी टंकियों से पानी की सप्लाई की जाएगी। श्री मौर्य ने सभी शहरवासियों से आग्रह किया कि सभी नागरिक पानी का उपयोग कम से कम ही करें तथा अपने आगे रहने वालों तक भी सुगमता से पानी पंहचने के लिए सहयोग करें। इसके साथ ही अपने नलों में टोंटियां लगाकर रखें जिससे पानी का अपव्यय न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी होली की शुभकामनाएँ

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएँ दी हैं। श्री तोमर ने कहा है कि आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि होली का पर्व जन-जन के मन में उत्साह एवं खुशी का रंग भरेगा। उन्होंने अपील की है कि होली पर्व पर सभी नागरिक ऊर्जा का अपव्यय रोकने करा संकल्प लें।

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने होली पर्व पर दीं शुभकामनायें

ग्वालियर। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर जिले सहित सम्पूर्ण प्रदेश के निवासियों को रंगों के पर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली का त्यौहार उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ। श्री कुशवाह ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि वे उद्यानिकी फसलें अपनाकर अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें।

### सांसद श्री शेजवलकर ने दी होलिका पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ

ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने रंगोत्सव होली की जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि होली पर्व सभी के जीवन में खुशियों के नए रंग भरे।

### संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर ने दी होली की शुभकामनाएँ

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने हर्षोल्लास के उत्सव होली पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। अधिकारी द्वय ने कहा है होली सामाजिक समरसता, सौहार्द्र और भाईचारे का त्यौहार है। यह त्यौहार विद्वेष और भेदभाव से ऊपर उठकर सबको एक साथ जीवन जीने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने सभी की सुख व समृद्धि की कामना की है।

### सात आंगनबाड़ी भवनों के लिए जमीन चिन्हित

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह की पहल पर मंजूर हुए हैं आंगनबाड़ी भवन**

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में शामिल हुए नए वार्डों की विभिन्न बस्तियों में आंगनबाड़ी भवन बनेंगे। उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं क्षेत्रीय विधायक श्री भारत सिंह कुशवाह की पहल पर मंजूर हुए इन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिये जमीन चिन्हित कर ली गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आंगनबाड़ी केन्द्र भवन खुरैरी, बड़ागाँव क्र.-2 घोसीपुरा वार्ड क्र.-7 कैन्ट मुरार, लाल टिपारा वार्ड क्र.-1 कैन्ट मुरार, सातऊ पिपरौली एवं अजयपुर पहाड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन के लिये जमीन चिन्हित हो गई है।

# द कश्मीर फाइल फिल्म किसी प्रोपेगेंडा पर आधारित नहीं, बल्कि सत्य घटना पर आधारित है: शेजवलकर



ग्वालियर 17 मार्च। द कश्मीर फाइल फिल्म किसी प्रोपेगेंडा पर आधारित नहीं, बल्कि सत्य घटना पर आधारित है। यह फिल्म कश्मीरी हिंदुओं के दर्द का चित्रण है जिसे देखकर सारा देश स्तब्ध है। अपना घर परिवार एवं संपत्ति को छोड़कर जाने का दर्द भला इन से बेहतर कौन समझ सकता है। आज तक इस सच्चाई पर किसी को भरोसा नहीं था कि कश्मीरी हिंदुओं पर किस तरह का अत्याचार किया गया। आज यह सच्चाई सारी दुनिया के सामने है। इस घटना के लिए उस समय के तत्कालीन गृहमंत्री भी जिम्मेदार थे। यह उनकी नाकामी थी। उक्त बात गुरूवार को ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कश्मीर के हिंदुओं के दर्द की फाइल द कश्मीर फाइल विषय को लेकर ग्वालियर में रह रहे कश्मीरी समाज के बीच हुई परिचर्चा के दौरान कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी भी मौजूद थे।

श्री शेजवलकर ने कहा कि आज कश्मीरी हिंदुओं को न्याय दिलाना की आवश्यकता है। हमारी मोदी जी की सरकार इस दिशा मे कदम भी उठा रही है। आवश्यक भी है कि इससे संबंधित लंबित मुकदमों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए एवं कश्मीरी हिंदुओं को न्याय दिलाने की दिशा में जल्द से जल्द आगे बढ़ा जाए।

परिचर्चा में आगे ग्वालियर कश्मीरी समाज के अध्यक्ष श्री ओमकार नाथ कौल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फिल्म हमारे दर्द का सचित्र चित्रण है। कश्मीर में हुए नरसंहार के बाद जब हम यहाँ आए तब उस समय 1990 में श्री नारायण .ष्ण शेजवलकर साहिब श्री भाऊ साहब पोतनीस, श्री इंद्रपुरक श्री बैजनाथ शर्मा जी ने जो हमारा सहयोग किया। उसे हम चाहकर भी भूल नहीं सकते साथ ही उस समय की तत्कालीन मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जी के योगदान को भी भूल नहीं सकते। जिन्होंने हमें नौकरी में आरक्षण दिलाने की पहल की। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि जनसंख्या नियंत्रण जैसे कानून को अमल में लाया जाए, ताकि जो 1990 में कश्मीर में हुआ वही आने वाले 30 साल बाद देश में होगा। जो आज केरल एवं बंगाल में में हो रहा है। मेरे पास तीन सौ से ज्यादा कश्मीर परिवार की सूची है जो इस नरसंहार के दर्द के गवाह है। परिचर्चा में आगे विचार करते करते हुए कश्मीरी समाज ग्वालियर की सचिव श्रीमती उमा सप्रू ने कहा कि उस समय की तत्कालीन सरकार ने हमारे दर्द को नहीं समझा। हमारे पास सब कुछ छोड़कर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। अपनी जन्म भूमि एवं कर्मभूमि को छोड़कर जाना कोई मजाक नहीं था। मैं उन सभी कश्मीरी हिंदुओं के परिवार को नमन करती हूं जिन्होंने इस नरसंहार में अपनों को खोया एवं सरकार से मांग करती हूं कि हमें न्याय दिलाने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाए।

# होली के दिन दोपहर 2 बजे से चलेगा विषेष स्वच्छता अभियान

ग्वालियर।

नगर निगम के स्वच्छता अमले द्वारा होली के अवसर पर 18 मार्च को दोपहर 2 बजे से एवं 19 मार्च को प्रातः से ही विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सडकों को चकाचक किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है जिसे देखते हुए होली के दिन 18 मार्च को दोपहर 2 बजे से एवं 19 मार्च को प्रातः से ही विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सडकों की सफाई की जाएगी। इसी संबंध में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता द्वारा आज गुरुवार को टाउन हाल महाराज बा?ा पर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी स्वच्छता अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्य दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में दक्षिण विधानसभा के समस्त वार्ड मॉनिटर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया गया कि होली के दिन दोपहर 2.00 बजे के पश्चात अभियान चलाकर सफाई करना एवं 19 मार्च को सुबह से ही विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ बनाने का संबंध में निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत सराफा बाजार में ग्वालियर शहर की सबसे ब?ी होली जलाई जाती है एवं विशेष रूप से होली का त्यौहार मनाया जाता है। अतः लोगों के उत्साह को देखते हुए इस बार होली के अवसर पर शहर में विशेष सफाई की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही समस्त नागरिकों से भी होली की शुभकामनाओं के साथ में स्वच्छता एवं सादगी से होली बनाए जाने की भी अपील की जाती है।






# जैन मन्दिर मे चल रहे सिध्दचक्र विधान के अतिंम दिन निकाली शोभायात्रा



## शिंदे की छावनी स्थित जैन मन्दिर मे चल रहे सिध्दचक्र विधान के अतिंम दिन निकाली शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ।

## इंद्रो ने कंधे पर पालकी में भगवान जिनेंद्र को विराजमान कर निकाली शोभायात्र, महिलाओ ने नृत्य किया

## इंद्र-इंद्राणियो ने जिनेन्द्र देव से की महायज्ञ से विश्वशांति की कामना

ग्वालियर- शिंदे की छावनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चले रहे 10 से 17 मार्च तक आठ दिवासीय श्री 1008 सिध्दचक्र महामंडल विधान एवं विष्वशांति महायज्ञ महोत्सव के अतिंम दिन आज गुरुवार को प्रतिष्ठाचार्य चंद्र प्रकाश जैन चंदर के सानिध्य में 1024 महाअर्घ्य व विश्वशांति महायज्ञ कर भगवान जिनेद्र की विशाल शोभायात्रा गाजेबाजे व धूमधाम के साथ निकाली गई।

शोभायात्रा से पूर्व पहले विधानचार्य चंद्र प्रकाश जैन के मार्ग दर्शन विधान के अतिंम दिन 1024 महाअर्घ्य मंडल पर समर्पित कर विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें इंद्र-इन्द्राणियों ने सामूहिक रूप से अग्निकुंड में आहुति डालकर भगवान जिनेन्द्र से विश्वशांति की मनोकामना की।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि महायज्ञ के उपरांत भव्य शोभायात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर से गाजेबाजे के साथ शुरू हुई, शोभायात्रा में इंद्रो ने पीले वस्त्रों में अपने कंधे पर पालकी में भगवान जिनेंद्र की प्रतिमा को विराजित कर भक्तिपूर्वक जयकारों के साथ शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर पहुँची। शोभायात्रा में महिलाएं रंगमा रंगमा रे प्रभु तेरा थारे ही रंग में रंग गयो रे... बजे कुंडलपुर में बधाई की नगरी में वीर जन्मे..जैन भजनों पर गरबा नृत्य करती हुई चल रही थी। शोभायात्रा में सफेद वस्त्र पहने हुए युवा और पुरुष जैन धर्म के जयघोष लग रहे थे। लोगो ने घरों के आगे रंगालो सजाकर भगवान श्रीजी की भव्य आरती उतारी।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478